# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 7:12 बजे
सूर्यास्त शाम 5:25 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-93 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • सोमवार 8 दिसंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


## न्यूज़ ब्रीफ

### कार-ट्रेलर की टक्कर, 5 दोस्तों की मौत

**जशपुर|** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में भीषण सड़क हादसे में 5 दोस्तों की मौत हो गई। हादसा 6 दिसंबर शनिवार की रात NH-43 पतराटोली के पास हुआ। मनोरा थाना क्षेत्र के मेले से लौट रही i-20 कार और सामने से आ रहे ट्रेलर के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी टक्कर इतनी खतरनाक थी कि कार सवार सभी 5 युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर लोहे के ढेर में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे। घटना दुलदुला थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक सभी युवक एक ही गांव के रहने वाले थे। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर घर लौट रहे थे। कार्यक्रम से घर पहुंचने की जल्दी में कार की रफ्तार काफी तेज थी। पतराटोली के पास अचानक सामने ट्रेलर को देखकर ड्राइवर नियंत्रण नहीं रख पाया और सीधी भिड़ंत हो गई।

### चीनी विमान का जापानी फाइटर्स पर 'रडार लॉक'

**टोक्यो|** जापान ने चीन के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है, क्योंकि चीन के विमानवाहक पोत लियाओनिंग से उड़ान भरने वाले जे-15 लड़ाकू विमान ने ओकिनावा के पास जापानी एफ-15 विमानों पर दो बार 'रडार लॉक' किया। यह प्रक्रिया किसी लक्ष्य पर हमले से पहले की चेतावनी मानी जाती है। जापान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, पहला लॉक लगभग 3 मिनट और दूसरा करीब 30 मिनट तक किया गया। हालांकि जापानी हवाई सीमा का उल्लंघन नहीं हुआ और न ही कोई नुकसान पहुंचा।

### रूस ने यूक्रेन पर 585 ड्रोन, 30 मिसाइलें गिराईं

**मास्को|** यूक्रेन में आर्म्ड फोर्सेज डे से पहले रूस ने बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। यूक्रेन एयरफोर्स के मुताबिक रूस ने 29 ठिकानों पर 653 ड्रोन और 51 मिसाइलें दागीं, जिनमें से 585 ड्रोन और 30 मिसाइलें मार गिराई गईं। हमले में 8 लोग घायल हुए और कई ऊर्जा स्टेशन व रेलवे ढांचे को नुकसान पहुंचा। जापोरेजिया न्यूक्लियर प्लांट कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति से कट गया, हालांकि रिएक्टर बंद रहने से कोई बड़ा खतरा नहीं हुआ। रूस ने यूक्रेन पर पलटवार में हमले का आरोप लगाया।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

### मैनेजर गिरफ्तार, मालिक की तलाश

# गोवा के नाइट क्लब में भीषण आग: 25 की मौत, 6 घायल

**एजेंसी| गोवा**



गोवा के अरपोरा में स्थित नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग घायल हो गए। हादसा शनिवार रात लगभग 12:04 बजे हुआ, जबकि क्लब में 'बॉलीवुड बैंगर नाइट' का कार्यक्रम होना था और डीजे नाइट की शुरुआत 1 बजे से होने वाली थी। आग डांस फ्लोर से उठी और तेजी से फैल गई, जिससे कई लोग जिंदा जल गए। ज्यादातर लोगों की मौत दम घुटने के कारण हुई। आग बुझाने के लिए कुछ लोग किचन की तरफ भागे और वहीं फंस गए।

क्लब में मौजूद पाम की पत्तियों की सजावट ने आग को तेजी से फैलाने में मदद की। कई लोग स्टाफ के साथ बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन संकरे रास्ते और क्लब की अरपोरा नदी के किनारे स्थित लोकेशन के कारण दमकल की गाड़ियां समय पर क्लब तक नहीं पहुंच सकीं। दमकल कर्मियों को क्लब तक पहुंचने में संघर्ष करना पड़ा, और आग में दम घुटने से कई लोगों की जान चली गई।

अरपोरा पंचायत सरपंच रोशन रेडकर ने बताया कि क्लब ने नियमों का उल्लंघन किया था। क्लब के मालिकों के बीच झगड़ा चल रहा था और उन्होंने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में यह भी सामने आया कि क्लब के लिए निर्माण की इजाजत नहीं ली गई थी और पंचायत ने पहले ही क्लब को धराशायी करने का नोटिस जारी किया था, लेकिन अधिकारियों ने उस पर रोक लगा दी।

गोवा पुलिस ने क्लब के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने हादसे की तुरंत जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना ने गोवा के सुरक्षा मानकों और रात्रीक्लब संचालन नियमों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस को अब तय करना होगा कि इस तरह के हादसों को भविष्य में रोकने के लिए क्या कड़े कदम उठाए जाएं।

### गोवा में पहला बड़ा नाइटक्लब हादसा



*गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने जानकारी दी है कि रविवार को एक नाइटक्लब में लगी भीषण आग के सिलसिले में उस क्लब के मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि क्लब, जिसका नाम 'द बर्च बाय रोमियो लेन' है, उसके मालिक के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री सावंत ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वह रात करीब 2 बजे घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने इसे गोवा के इतिहास का पहला बड़ा आग हादसा बताया और मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की।*

# दोषी बाप जेल में: ढाई माह पहले नहर में धक्का मार फेंका था अब बेटी जिंदा आ गई

**समर न्यूज़ | फिरोजपुर**



करीब ढाई महीने पहले फिरोजपुर में एक पिता द्वारा अपनी बेटी को नहर में धक्का देकर हत्या करने का मामला सामने आया था। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर पिता को गिरफ्तार भी कर लिया था। लेकिन अब इस घटना ने नया मोड़ ले लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक इंटरव्यू में कथित मृत लड़की ने खुद को जिंदा बताया है। मामला उस वक्त सुर्खियों में आया था जब आरोपी पिता ने अपनी बेटी प्रीत पर चरित्र को लेकर शक करते हुए उसे नहर में धक्का देने का वीडियो खुद बनाया था। उस आधार पर मामला दर्ज हुआ और पिता जेल भेज दिया गया।

**पुलिस सक्रिय, लड़की की तलाश जारी**

सोशल मीडिया वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने पुष्टि के लिए लड़की की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि यदि लड़की जिंदा है, तो मामला कानूनी रूप से पूरी तरह बदल जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि लड़की के सामने आने से पिता का दोष तय करने की प्रक्रिया भी प्रभावित होगी और घटना की वास्तविक परिस्थिति समझने के लिए बयान दर्ज करना बेहद जरूरी है। पुलिस जल्द ही इस मामले में विस्तृत अपडेट देने की बात कह रही है।

### नहर में लगे लोहे को पकड़ बाहर आई



*सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में प्रीत नाम की लड़की दावा कर रही है कि जब उसके पिता ने उसे नहर में धक्का दिया, तब वह बहने लगी। अचानक उसका हाथ नहर में लगे एक लोहे के सरिए से जा लगा, जिससे वह किसी तरह खुद को बाहर निकाल पाई। लड़की ने यह भी आरोप लगाया कि इस घटना में उसकी मां भी जिम्मेदार है, लेकिन अब वह चाहती है कि उसके पिता को जेल से छुड़ाया जाए।*

### हमें भी खबरों के जरिए पता चला: मां



*इसी बीच लड़की की मां भी मीडिया के सामने आई। उसने कहा कि उन्हें भी खबरों के माध्यम से पता चला कि उनकी बेटी जिंदा है। मां का कहना है कि उन्हें उस समय अंदाजा नहीं था कि पिता ऐसा कदम उठाएगा। उसने कहा कि हमने उसे बहुत प्यार से पाला था। अगर वह माफी मांग लेती तो शायद वह उसे छोड़ देता, और यह घटना आज भी उन्हें गहरा सदमा दे रही है।*

# इंडिगो संकट: अब तक 610 करोड़ रिफंड, 3,000 से अधिक बैगेज यात्रियों को लौटाए

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



इंडिगो एयरलाइन के संचालन संकट के बीच यात्रियों को राहत मिलनी शुरू हो गई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार शाम जानकारी दी कि एयरलाइन अब तक प्रभावित यात्रियों को 610 करोड़ की राशि वापस कर चुकी है। इसके अलावा एयरलाइन ने 3,000 से अधिक यात्रियों के बैगेज भी उनके पास पहुंचा दिए हैं, जो पिछले कई दिनों से एयरपोर्ट पर फंसे थे।

मंत्रालय के अनुसार, रिफंड या री-बुकिंग पर यात्रियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके लिए एयरलाइंस ने स्पेशल सपोर्ट सेल भी बनाई है, जिससे विभिन्न शहरों में फंसे यात्रियों को तेजी से मदद मिल सके। मंत्रालय का दावा है कि चरणबद्ध तरीके से इंडिगो की उड़ानें दोबारा सुचारू हो रही हैं और घरेलू रूट्स पर क्षमता में सुधार दिख रहा है।

**संकट पर कड़ा रुख: रिफंड डेडलाइन और बैगेज की अनिवार्य वापसी**

सरकार ने इंडिगो संचालन संकट पर कड़ा रुख अपनाते हुए कई अनिवार्य निर्देश जारी किए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि सभी कैंसिल और रुकी हुई उड़ानों का रिफंड 7 दिसंबर की रात 8 बजे तक पूरा किया जाना अनिवार्य है। इसके साथ ही एयरलाइन को 48 घंटे के भीतर यात्रियों के सभी बैगेज की ट्रैकिंग पूरी कर उन्हें वापस सौंपना होगा। मंत्रालय ने इंडिगो के CEO को 24 घंटे के भीतर यह स्पष्टीकरण देने का आदेश भी दिया है कि पिछले कई दिनों से जारी संकट पर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। यदि निर्धारित समय में जवाब नहीं मिलता, तो DGCA (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन) एकतरफा कदम उठा सकती है। इसी बीच बढ़ते हवाई किरायों पर रोक लगाने के लिए सरकार ने नई किराया सीमा लागू की है। इसके मुताबिक कोई भी एयरलाइन 500 किमी तक की दूरी के लिए 7,500 रुपये से अधिक, 500 से 1,000 किमी तक 12,000 रुपये से अधिक और अधिकतम 18,000 रुपये से अधिक किराया नहीं वसूल सकेगी। यह सीमा केवल इकोनॉमी क्लास पर लागू होगी।

### सेवाएं धीरे-धीरे पटरी पर: इंडिगो CEO



*इंडिगो के CEO पीटर एल्बर्स ने बताया कि एयरलाइन अब 138 में से 137 गंतव्यों पर सेवा बहाल कर चुकी है और रविवार को 1,650 उड़ानें संचालित होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि ऑन-टाइम परफॉर्मेंस (OTP) 75% तक पहुंचने की उम्मीद है। शनिवार को यह आंकड़ा 1,500 उड़ानों का था, जबकि सामान्य दिनों में इंडिगो रोजाना करीब 2,300 उड़ानें ऑपरेट करती है। फिर भी रविवार को 650 से अधिक फ्लाइट्स रद्द करनी पड़ीं। इनमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, जयपुर, भोपाल, हैदराबाद, त्रिची और अन्य शहरों की उड़ानें शामिल हैं। इससे पहले शुक्रवार को करीब 1,600 उड़ानें और शनिवार को 800 उड़ानें कैंसिल हुई थीं।*

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में जारी रहेगा आईपीएल

**समर न्यूज़ | बेंगलुरु**

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने पुष्टि की है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम भविष्य में भी आईपीएल मैचों की मेजबानी करता रहेगा। यह घोषणा जून में हुई भगदड़ की घटना के बाद आई है, जिसके बाद राज्य में आईपीएल आयोजन को लेकर सवाल उठ रहे थे। घटना उस समय हुई थी जब RCB की आईपीएल 2025 जीत का जश्न मनाने भीड़ उमड़ी थी। शिवकुमार ने बताया कि भीड़ प्रबंधन को और मजबूत किया जाएगा और स्टेडियम का संचालन कानूनी दायरे में रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बेंगलुरु में भविष्य में एक बड़ा नया स्टेडियम बनाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आईपीएल को कहीं और स्थानांतरित करने का सवाल ही नहीं है, क्योंकि यह कर्नाटक की प्रतिष्ठा और गौरव से जुड़ा है।

# पुलिस कस्टडी में युवक की मौत

## नशातस्करी के मामले में पुलिस ने लिया था हिरासत में

**समर न्यूज़ | जंडियाला गुरु**





जंडियाला गुरु थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत हिरासत में लिए गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान हरमन सिंह, निवासी किला मेओका के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शनिवार देर रात उसे पूछताछ के लिए थाने लाया गया था और रविवार सुबह वह मृत अवस्था में पाया गया। घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और जी.टी. रोड पर धरना देकर जाम लगा दिया। उनका आरोप है कि युवक की मौत पुलिस पिटाई के कारण हुई, हालांकि पुलिस ने इस आरोप को खारिज कर दिया। डीएसपी जंडियाला गुरु ने बताया कि हरमन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज था और उसे जांच के लिए हिरासत में लिया गया था। उन्होंने कहा "हरमन के साथ कोई मारपीट नहीं हुई। मामले की जांच माननीय अदालत करेगी और परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

**शाम चार बजे खुला जाम, कार्रवाई का आश्वासन**

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी (एच) तेजबीर सिंह, डीएसपी (डी) गुरिंदर पाल सिंह नागरा और डीएसपी रविंदर पाल सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों और रिश्तेदारों के आठ लोगों के बयान दर्ज किए, जिसके बाद परिवार को कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। आश्वासन मिलने पर शाम करीब चार बजे जाम हटाया गया। एसपी तेजबीर सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे।

# स्मृति मंधाना ने पलाश मुच्छल से शादी टूटने की अब की पुष्टि

## • रिश्ते को लेकर चल रहे चर्चाओं पर विराम

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**





भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप–कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को स्पष्ट किया कि संगीतकार पलाश मुच्छल के साथ उनकी शादी की योजना अब समाप्त हो चुकी है। कई सप्ताह से सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों के बीच मंधाना ने सार्वजनिक तौर पर पहली बार इस विषय पर प्रतिक्रिया दी। उनके इस बयान के साथ ही इस रिश्ते को लेकर चल रहे चर्चाओं पर विराम लग गया है।

**▪ 'शादी कैंसिल हो चुकी है, मंधाना ने की मर्यादा रखने की अपील**

मंधाना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट जारी करते हुए लिखा कि वह अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना चाहती हैं। उन्होंने कहा मुझे यह स्पष्ट करना है कि शादी कैंसिल हो गई है और मैं चाहती हूँ कि यह मसला यहीं समाप्त हो। साथ ही उन्होंने मीडिया और प्रशंसकों से अनुरोध किया कि इस कठिन समय में दोनों परिवारों की निजी सीमाओं का सम्मान किया जाए, जिससे वे शांति से आगे बढ़ सकें। सोशल मीडिया पर लगातार हो रही चर्चाओं ने इस मसले को और सुर्खियों में ला दिया था, इसलिए मंधाना के इस बयान को निजी स्पेस की मांग के रूप में देखा जा रहा है।

**▪ करियर पर फोकस जारी रखूंगी: मंधाना**

अपने संदेश में मंधाना ने यह भी दोहराया कि क्रिकेट ही उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने लिखा कि उनका उद्देश्य हमेशा देश का प्रतिनिधित्व करना रहा है और आगे भी वह उसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगी। मेरा ध्येय भारत के लिए उच्च स्तर पर खेलना और जीत दिलाना है। मेरा पूरा ध्यान हमेशा इसी पर रहेगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम लगातार अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की तैयारी में जुटी हुई है। मंधाना की मजबूत भूमिका टीम के लिए बेहद अहम मानी जाती है।

**▪ पलाश मुच्छल की प्रतिक्रिया, अफवाहों पर नाराजगी**

इसी बीच पलाश मुच्छल ने भी इंस्टाग्राम पर एक संदेश जारी कर इस विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने लिखा कि वह इस रिश्ते से पीछे हटकर आगे बढ़ने का निर्णय ले चुके हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने चल रही चर्चाओं को दुखद बताते हुए कहा कि बिना पुष्टि के फैलने वाली बातों से किसी की निजी जिंदगी और मानसिक स्थिति प्रभावित हो सकती है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनकी टीम कानूनी कार्रवाई पर विचार कर सकती है, यदि किसी प्लेटफॉर्म पर झूठी या मानहानिकारक सामग्री फैलाई गई।

### पत्नी को वापस लाने की जिद पर माता–पिता ने कर दिया बेटे का कत्ल

**समर न्यूज़ | अजनाला**

अजनाला के गांव क्यामपुर में घरेलू कलह ने एक युवक की जान ले ली। पत्नी को मायके से वापस घर लाने की जिद पर सिमरजंग सिंह नामक युवक की हत्या उसके ही माता–पिता ने कर दी। मृतक की पत्नी नवप्रीत कौर ने बताया कि करीब चार साल पहले उसका विवाह सिमरजंग से हुआ था और उनका दो साल का बेटा भी है। परंतु आपसी झगड़े और मानसिक प्रताड़ना के कारण वह अपने मायके लौट आई थी। इसके बावजूद सिमरजंग परिवार को फिर से जोड़ना चाहता था और पत्नी को वापस लाना चाहता था। नवप्रीत का आरोप है कि उसके ससुराल वाले उसकी घर वापसी के सख्त खिलाफ थे और वे अपने बेटे का दूसरा विवाह करवाना चाहते थे। इसी बात को लेकर रविवार को घर में तीखा विवाद हुआ, जो हत्या में बदल गया। आरोपियों ने गुस्से में आकर सिमरजंग के सिर पर ईंटों से हमला कर दिया, जिससे वह मौके पर ही दम तोड़ बैठा। मृतक के ननिहाल पक्ष ने बताया कि उनकी बेटी को लगातार प्रताड़ित किया जाता था और सिमरजंग उसे मायके से वापस ले जाना चाहता था, लेकिन उसके माता–पिता यह स्वीकार करने को तैयार नहीं थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर सिमरजंग के पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### मानसा के छात्रों की बड़ी उपलब्धि

# पंजाब का पहला 'सिख रोबोट', नाम दिया 'जॉनीज'

**समर न्यूज़ | मानसा**



विज्ञान और तकनीक की दुनिया में पंजाब के मानसा जिले के स्कूली विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले के एक निजी स्कूल में 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों ने मिलकर पंजाब का पहला 'सिख रोबोट' तैयार किया है, जिसे उन्होंने 'जॉनीज' नाम दिया है। पगड़ी और पारंपरिक सिख स्वरूप वाले इस रोबोट का ट्रायल मानसा–बरनाला रोड पर किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रोबोट को देखकर लोग न सिर्फ चकित हो रहे हैं बल्कि इसे पंजाबी संस्कृति से जुड़ा तकनीकी नवाचार बता रहे हैं।

रोबोट की डिजाइन में पंजाबी पहचान को प्रमुख स्थान दिया गया है। इसका बाहरी रूप पगड़ी पहने एक व्यक्ति जैसा है। ट्रायल के दौरान छात्रों ने जब रोबोट से उसका नाम पूछा, तो उसने साफ आवाज में जवाब दिया—"मेरा नाम जॉनीज है।" विद्यार्थियों के मुताबिक यह रोबोट इंसान की तरह बातचीत समझने और उसका उचित उत्तर देने में सक्षम है।

छात्रों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य केवल तकनीकी प्रदर्शन नहीं, बल्कि प्रैक्टिकल शिक्षा को बढ़ावा देना है। उनका मानना है कि यदि बच्चों को किताबों से बाहर निकलकर प्रयोगात्मक शिक्षण के अधिक अवसर मिले, तो देश विज्ञान और तकनीक में पहले से अधिक तेजी से प्रगति कर सकता है।

तकनीकी विशेषताओं की बात करें तो 'जॉनीज' में कई उन्नत सेंसर लगाए गए हैं, जो इसे जोखिम भरे स्थानों पर भी काम करने योग्य बनाते हैं। विद्यार्थियों के दावे के अनुसार यह रोबोट ऊंचाई पर चढ़ने में सक्षम है और भविष्य में इसे आग बुझाने, बम डिफ्यूज करने तथा आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों के लिए भी विकसित किया जा सकता है।

छात्रों ने उम्मीद जताई कि सरकार और समाज ऐसे नवाचारों को प्रोत्साहन दे, ताकि युवा प्रतिभाओं का मनोबल बढ़े और वे देश को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दे सकें।

# जालंधर बस स्टैंड पर रात को चल रहा देह व्यापार

## पुलिस चौकी पास होने के बावजूद रेड लाइट जोन जैसी गतिविधियां बेखौफ जारी

समर न्यूज | जालंधर

जालंधर में बस स्टैंड का रात का माहौल कुछ ऐसा हो गया है कि यह क्षेत्र रेड लाइट जोन की तरह दिखाई देने लगा है।

रात 9 बजे के बाद बस स्टैंड के बाहरी हिस्सों में महिलाएं और उनके साथियों का गिरोह सक्रिय हो जाता है, और सड़क पर खुलेआम सौदेबाजी की जाती है।

झांसे में आने पर लूटपाट का भी खतरा बढ़ जाता है। सोशल मीडिया पर इस संदिग्ध गतिविधि का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। जांच में सामने आया है कि बस स्टैंड पर रात को भी बड़ी संख्या में यात्री मौजूद रहते हैं, लेकिन गिरोह के सदस्य बिना किसी डर के सक्रिय रहते हैं।



हैरानी की बात यह है कि इस इलाके में बस स्टैंड पुलिस चौकी भी मौजूद है, फिर भी इन लोगों पर पुलिस का कोई असर नहीं दिखता। रात करीब 10:30 बजे नरिंदर सिनेमा के पास स्थित गली में तीन महिलाओं को उनके साथ दो कारें और एक बाइक सवार युवक के साथ सक्रिय देखा गया।

किसी व्यक्ति के कार रोकने पर महिलाएं नजदीक आकर बातचीत शुरू करती हैं और होटल में जाने का प्रस्ताव देती हैं। रात 11 बजे के करीब बस स्टैंड फ्लाईओवर के नीचे आरटीओ ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के पास भी कई महिलाएं पुरुषों के साथ सौदेबाजी करती हुई नजर आईं।

पास मौजूद एक दुकान में काम करने वाले युवक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह गतिविधियां रोजाना होती हैं और शिकायत करने पर इनके नशेड़ी साथी हमला कर सकते हैं। इस गंदे धंधे में कुछ ई-रिक्शा चालक भी शामिल बताए जाते हैं। पुलिस वाहन आते ही महिलाएं ई-रिक्शा में बैठकर यात्री बन जाती हैं और पुलिस के जाने के बाद फिर वही गतिविधि शुरू हो जाती है।

स्थानीय लोग प्रशासन से उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि बस स्टैंड और आसपास का इलाका सुरक्षित और शर्मिंदगी से मुक्त हो सके। इस मामले पर बस स्टैंड पुलिस चौकी के प्रभारी ने कहा कि उन्हें मामला पता है और इसकी जांच की जाएगी। अगर जांच में कोई अपराध या गड़बड़ी सामने आती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अमृतसर में घरेलू विवाद का खौफनाक अंजाम

## मां-बाप ने बेटे की ईंट मारकर हत्या की, पत्नी को मायके से लाने को लेकर बढ़ा था तनाव

समर न्यूज | अमृतसर

अमृतसर के अजनाला थाना क्षेत्र के गांव कयामपुर में एक बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें माता-पिता ने अपने ही बेटे की ईंट मारकर हत्या कर दी। मृतक सिमर जंग, जिसकी उम्र करीब 26 वर्ष बताई जा रही है, की शादी चार साल पहले नवप्रीत नाम की युवती से हुई थी। दोनों का एक दो साल का बेटा भी है। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में आपसी विवाद चल रहा था, जिसके कारण कुछ समय पहले नवप्रीत अपने मायके चली गई थी। सिमर अपनी पत्नी को वापस लाना चाहता था और अपने परिवार को दोबारा एक साथ देखना चाहता था, लेकिन उसके मां-बाप इस बात के विरोध में थे। वे चाहते थे कि सिमर अपनी पत्नी को न लाकर दूसरी शादी कर ले, जिससे घर में बार-बार होने वाले तनाव खत्म हो सकें।



वारदात के बाद शव ले जाते स्थानीय लोग - समर न्यूज

इसी बात को लेकर पिछले कई दिनों से घर में तकरार चल रही थी। शनिवार शाम स्थिति अचानक बिगड़ गई, जब सिमर ने फिर से अपनी पत्नी को घर वापस लाने की बात कही। यह सुनते ही दोनों के बीच बहस छिड़ गई और विवाद इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई। गुस्से और झल्लाहट में माता-पिता ने घर में पड़ी ईंट उठाकर सिमर के सिर पर जोरदार वार कर दिया। वार इतना गंभीर था कि सिमर वहीं जमीन पर गिर पड़ा और खून बहने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अपने बेटे को खून से लथपथ हालत में देखकर मां घबराकर मौके से फरार हो गई, जबकि आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

अजनाला थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने आरोपी पिता को घटनास्थल से ही काबू कर लिया, जबकि फरार मां की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौके से बरामद ईंट व अन्य साक्ष्यों को सुरक्षित कर लिया है। थाना प्रभारी हिमांशु भगत ने बताया कि मृतक के परिजनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपी महिला की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। यह घटना न केवल घरेलू तनाव के भयावह रूप को दर्शाती है बल्कि यह भी दिखाती है कि छोटी-छोटी बातें कैसे हिंसा में बदलकर परिवार को तबाह कर सकती हैं। गांव में इस घटना को लेकर माहौल तनावपूर्ण है और लोग इस घटना से स्तब्ध हैं, क्योंकि परिवार में चल रहे विवाद ने आखिरकार एक बेटे की जान ले ली और माता-पिता को अपराधी बना दिया।

# बरनाला में तपा मंडी के पास युवक की बेरहमी से हत्या

समर न्यूज | बरनाला

बरनाला जिले के तपा मंडी के पास स्थित घुन्नस गांव में बीती रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जिसमें युवक तरसेम सिंह की बेरहमी से हत्या कर दी गई। तरसेम सिंह अपनी सर्दियों के कपड़े खरीदने गांव आया था, तभी तेजधार हथियारों से लैस आधा दर्जन हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि शराब के ठेके के पास हुए तू-तू मैं-मैं के विवाद के बाद मामले ने हिंसक रूप ले लिया। हमले के दौरान दो गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई, जिससे पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। मृतक तरसेम सिंह गरीब परिवार से था और बकरियां चराता था। घटना के बाद उसके परिजनों ने हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मृतक के भाई के बयान के आधार पर तपा पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के



मृतक तरसेम सिंह- समर न्यूज

अनुसार, इन पांच हत्यारों में तीन भाई भी शामिल हैं। डीएसपी ने बताया कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और न्याय दिलाने के लिए सभी कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं। घटना के दृश्य, जैसे मृतक की कार में पड़ी बॉडी, परिवार और गांव वालों की प्रतिक्रिया, घटनास्थल और अस्पताल के शॉट्स, मृतक की मां और पंचायत सदस्यों की बाइट्स, इस हादसे की गंभीरता को उजागर करती हैं।

पूरे इलाके में शोक और डर का माहौल है और प्रशासन ने सुरक्षा बढ़ा दी है।

# नैनीताल के जंगलों में भड़की आग, वन्यजीवों को खतरा

## वन संपदा को नुकसान, वन विभाग ने मशक्कत के बाद पाया नियंत्रण

समर न्यूज | नैनीताल

सर्दियों के बीच नैनीताल में जंगल की आग का नया मामला सामने आया है, जिसने वन विभाग को सतर्क कर दिया है। शनिवार शाम कैमल्स बैक की पहाड़ी पर अचानक आग भड़क उठी।

जंगल में जमा सूखी घास और पत्तियां आग के फैलने का मुख्य कारण बनीं, जबकि तेज हवाओं ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। हालांकि राहत की बात यह रही कि प्रभावित क्षेत्र के आसपास कोई आबादी नहीं थी, जिससे बड़ा नुकसान होने से टल गया।

वन विभाग की टीम को जैसे ही आग की सूचना मिली, अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और फायर लाइन बनाकर आग को रोकने की कोशिशों में जुट गए। कई घंटों की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। विभाग के अधिकारी



नैनीताल के जंगलों में लगी आग का भयावह दृश्य। - समर न्यूज

अब भी इलाके की निगरानी कर रहे हैं ताकि आग दोबारा न भड़के और किसी नई जगह न फैल सके।

**हर साल सूखी वनस्पति बढ़ाती है खतरा**

विशेषज्ञ बताते हैं कि शीतकाल के बाद सूखी वनस्पति, घास और पत्तियां जंगलों में आग फैलने का सबसे बड़ा कारण बनती हैं। हर साल गर्मी की शुरुआत से पहले लाखों हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आने से व्यापक नुकसान झेलते हैं। हाईकोर्ट भी राज्य सरकार और वन विभाग को वनाग्नि रोकने हेतु कई सख्त निर्देश जारी कर चुका है।

**फायर सीजन से पहले ही बढ़ी चिंता**

वन विभाग इस बार फायर सीजन को ध्यान में रखते हुए कई नई रणनीतियां तैयार कर चुका है, लेकिन दिसंबर में ही आग लगने की घटनाएं शुरू हो जाना विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मौसम में जल्द नमी नहीं आई और सूखा दौर जारी रहा, तो आने वाले महीनों में आग की घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

**वन्यजीवों और वन संपदा को बड़ा खतरा**

वनाग्नि न केवल वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचाती है, बल्कि कई वन्यजीव भी इसकी चपेट में आकर अपनी जान गंवा देते हैं। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे जंगल क्षेत्रों में आग लगाने वाली किसी भी गतिविधि से बचें और किसी भी संदिग्ध स्थिति की तुरंत सूचना वन विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# शवग्रह में चूहों ने खाया शव का चेहरा और आंख

# परिजनों ने की अस्पताल में तोड़फोड़

समर न्यूज | हरिद्वार

उत्तराखंड के हरिद्वार में जिला अस्पताल की गंभीर लापरवाही सामने आई है, जहां पोस्टमॉर्टम हाउस में रखे एक व्यक्ति के शव को चूहों ने बुरी तरह कुतर डाला। सुबह जब परिजन मॉर्च्युरी पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि शव की एक आंख, कान, नाक और चेहरे के कई हिस्से चूहों द्वारा खाए जा चुके थे। यह दृश्य देखकर परिजन गुस्से में आ गए और अस्पताल के अंदर मौजूद कांच, टेबल, कुर्सी और अन्य सामान तोड़फोड़ दिया। मृतक के जीजा मनोज शर्मा ने बताया कि 36 वर्षीय लखन उर्फ लक्की शर्मा को रात में तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल लाया गया था, जहां उन्हें मृत घोषित कर शव को मॉर्च्युरी में रख दिया गया था। परिजनों का कहना है कि लक्की अपनी आंखें दान करना चाहता था, लेकिन चूहों ने एक आंख नष्ट कर दी, जिससे



मृतक का फाइल फोट - समर न्यूज

उनका गुस्सा और बढ़ गया। घटना की जानकारी मिलते ही पंजाबी समाज के लोग और कांग्रेस नेता अस्पताल पहुंचे और प्रशासन पर भारी लापरवाही के आरोप लगाए। परिजनों ने बताया कि शव रखने वाला फ्रीजर खराब था और उसका ढक्कन पीछे से खुला हुआ था, जिस वजह से चूहे अंदर घुस आए। जिला अस्पताल के पीएमएस ने भी स्वीकार किया कि मॉर्च्युरी में रखे कई फ्रीजर खराब हालत में हैं और कुछ के ढक्कन ठीक से बंद भी नहीं होते।

# जालंधर की लक्ष्मी स्वीट शॉप में भीषण आग

समर न्यूज | जालंधर

जालंधर के आदर्श नगर रोड स्थित न्यू लक्ष्मी स्वीट शॉप में रविवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई, जिसमें दुकान के अंदर रखा लगभग सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना सुबह करीब साढ़े 6 बजे की है। आग लगने का कारण फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन दुकानदार को शॉर्ट सर्किट की आशंका है। दुकानदार अंकुश ने बताया कि सुबह दुकान के पास से गुजर रहे एक दूध विक्रेता ने धुआं निकलते देखा और तुरंत उन्हें फोन किया। कुछ ही मिनटों में वे दुकान पहुंचे तो आग मामूली थी, लेकिन धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोगों ने भी आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटों के तेज होने के कारण कोई पास नहीं जा सका। अंकुश के अनुसार, आग बुझाने के लिए उन्होंने अग्निशमन यंत्र का भी इस्तेमाल किया, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि आग काबू में नहीं आई।

# जालंधर में चर्च पास्टर से जुड़े ठगी केस में आया नया मोड़

समर न्यूज | जालंधर

जालंधर में चर्च पास्टर अंकुर नरूला से जुड़े कथित ठगी मामले में एक बड़ा ट्विस्ट आ गया है। कुछ दिन पहले समाजसेवी भाना सिद्धू एक महिला पूजा कुमारी को साथ लेकर मीडिया के सामने आए थे, जिसमें महिला ने आरोप लगाया था कि चर्च से जुड़े फ्रांसिस नामक व्यक्ति ने कनाडा भेजने के नाम पर फर्जी वीजा दिखाकर उनके परिवार से 37 लाख रुपए हड़प लिए। मामले के तूल पकड़ने के बाद अब फ्रांसिस खुद सामने आए हैं और उन्होंने सभी आरोपों को गलत बताया है। फ्रांसिस का कहना है कि पूजा कुमारी खुद एजेंट है और उसने अपने देवर का वीजा लगवाने के लिए कमीशन लिया था। पैसों का लेन-देन मोगा के एक एजेंट के खाते में हुआ और इस सिलसिले में उन्होंने डीजीपी पंजाब को भी शिकायत दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बैंक स्टेटमेंट, पेमेंट स्लिप और चैट के स्क्रीनशॉट दिखाकर दावा किया कि आरोप लगाने वालों ने कई बार उनसे कमीशन लिया। फ्रांसिस ने स्पष्ट किया कि यह पूरा मामला निजी व्यवसाय से जुड़ा है और इसका चर्च या पास्टर अंकुर नरूला से कोई संबंध नहीं है। फ्रांसिस ने कहा कि कुछ लोग धर्म के नाम पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि वह न चर्च में नौकरी करते हैं, न ही किसी तरह की सैलरी लेते हैं। उनका कहना है कि उन्हें और चर्च को बेवजह निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने भाना सिद्धू को चैलेंज करते हुए कहा कि 25 दिसंबर तक पूरे पंजाब में क्रिसमस की रैलियां निकाली जाएंगी।जालंधर मसीही भाईचारे की ओर से भाना सिद्धू और तेजस्वी मिनहास के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करवाई गई है,

# उत्तराखंड में सिख समाज पर विवादित टिप्पणी का मामला गरमाया

## वकीलों के प्रदर्शन में हरक सिंह रावत के बयान से भड़का आक्रोश, माफी के बाद भी तनाव बरकरार

समर न्यूज | उत्तराखंड

उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। वकीलों के धरने में पहुंचे रावत ने सिख समाज के खिलाफ विवादित टिप्पणी कर दी, जिसका 25 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मामला तूल पकड़ गया। बयान से आक्रोशित सिख समाज के लोगों ने शनिवार को देहरादून के घंटाघर चौक पर उनका पुतला फूंका और कड़ी आपत्ति जताई।

**वीडियो वायरल, सिख एडवोकेट ने जताई आपत्ति—हरक बोले 'सॉरी, मुंह से निकल गया'**

दरअसल शुक्रवार को बार एसोसिएशन के धरने में हिस्सा लेने पहुंचे हरक सिंह रावत ने उत्साह में भाषण देते हुए सिख समुदाय पर अनुचित टिप्पणी कर दी। वायरल वीडियो में वह मंच से नारे लगवाते



हरक सिंह का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन करते वकिल - समर न्यूज

दिखते हैं और इसी दौरान एक सरदार से हाथ उठाने को कहते हुए विवादित टिप्पणी कर बैठते हैं। उनके इतना कहते ही आसपास मौजूद लोग हंस पड़ते हैं, लेकिन पास ही मौजूद एक सिख एडवोकेट ने तुरंत विरोध जताया और उनसे माफी की मांग की। स्थिति बिगड़ती देख रावत ने वहीं कहा—"सॉरी आपकी तरफ है प्रेम हमारा। चलो सॉरी, मैं माफी मांगता हूं, मेरे मुंह से निकल गया।"

**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का कटाक्ष—'उनकी जन्मपत्री में नाड़ी खड़ाष्टक'**

मामला राजनीतिक रूप से भी गर्मा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने हरक पर तंज कसते हुए कहा कि वह दूसरों के हाथ देखते हैं, लेकिन कभी अपनी कुंडली नहीं बनाई। उन्होंने आरोप लगाया कि हरक सिंह की कुंडली में 'नाड़ी खड़ाष्टक दोष' है, इसी वजह से वह किसी भी राजनीतिक दल में टिक नहीं पाते। भट्ट ने कहा कि "उनकी जन्मपत्री बीजेपी में जुड़ी ही नहीं। बीएसपी, एसपी, कांग्रेस—कहीं भी उनकी जमात नहीं बैठती।"

**बीजेपी ने एक्स पर साधा निशाना—'1984 के दर्द को भुलाने की कोशिश न करें'**

उत्तराखंड बीजेपी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा पंथों और परंपराओं का मजाक उड़ाना आदत बन चुका है। हरक सिंह का बयान भी उसी मानसिकता का हिस्सा है, जो सिख समाज की वीरता और बलिदान को चोट पहुंचाता है। पार्टी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे बयान उस काले इतिहास की याद दिलाते हैं।

**यूकेडी ने भी जताई कड़ी आपत्ति 'जिस समाज ने देश के लिए सर्वस्व दिया, उसका अपमान अस्वीकार्य'**

उत्तराखंड क्रांति दल के नेता आशीष नेगी ने भी हरक के बयान को अत्यंत निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि सिख समाज ने सदियों से देश और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है। उत्तराखंड के शहीद सरदार परमजीत जैसे वीरों ने प्रदेश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिए। ऐसे समाज के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करना अस्वीकार्य है। विवाद के बाद हरक सिंह रावत ने सार्वजनिक रूप से माफी मांग ली है, लेकिन सिख संगठनों ने साफ कर दिया है कि वे इस मामले को हल्के में नहीं लेंगे। फिलहाल प्रदेश की राजनीति में इस मुद्दे को लेकर चर्चा गर्म है और आने वाले दिनों में इसका असर और बढ़ सकता है।

# जालंधर में आप नेत्री ने की बड़ी कार्रवाई

## अवैध माइनिंग का भंडाफोड़, आधी रात छापा; पोकलेन मशीन और 5 टिपर बरामद

समर न्यूज | जालंधर

हल्का कैंट क्षेत्र में देर रात अवैध माइनिंग का मामला सामने आने पर आम आदमी पार्टी की हल्का इंचार्ज राजविंदर कौर थियाड़ा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर पुलिस की मदद से भारी मशीनरी जब्त करवाई। आधी रात करीब 1 बजे वह अपनी टीम और पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचीं, जहां खेतों में करीब 7 फुट तक जमीन खोदकर मिट्टी ट्रकों में भरी जा रही थी। उनकी गाड़ियों के रुकते ही माइनिंग में शामिल लोग पोकलेन और टिपरों को वहीं छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर पोकलेन मशीन और 5 टिपरों को कब्जे में ले लिया है। राजविंदर कौर ने बताया कि अवैध खनन की सूचना पार्टी वर्कर ने दी थी। उन्होंने कहा कि इलाके में इस तरह की



अवैध मिट्टी से भरे टिपर - समर न्यूज

गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चौकी इंचार्ज जसबीर सिंह ने पुष्टि की कि जब्त मशीनरी को थाने लाया गया है और फरार आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। राजविंदर कौर ने पुलिस को निर्देश दिए कि पंजाब सरकार के स्पष्ट आदेश हैं-अवैध खनन में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसी गतिविधियों पर लगातार सख्ती जारी रखी जाएगी।

2 पॉइंट में समझिए पंजाब की नई खनन नीति

**अप्रैल 2025 का संशोधन:** पंजाब सरकार ने राज्य में रेत और बजरी जैसे लघु-खनिजों की खनन व्यवस्था में बड़े बदलाव किए। दो नई श्रेणियां जोड़ी गईं, जिनके तहत जमीन मालिक अपनी ही जमीन से खनन कर सकते हैं और क्रेशर यूनिट्स जमीन मालिकों से पट्टा लेकर खनन कर सकेंगी। इससे अवैध खनन और दूसरे राज्यों से रेत-बजरी मंगाने की मजबूरी कम करने का लक्ष्य रखा गया है।

**अक्टूबर 2025 की डिजिटल निगरानी** :डिजिटल रिकॉर्ड पर आधारित होगी। ट्रकों में GPS ट्रैकिंग अनिवार्य कर दी गई है। नियमों का उल्लंघन होने पर 5 लाख तक जुर्माना या रॉयल्टी के बराबर दंड लगाया जाएगा। इससे निर्माण सामग्री की आपूर्ति स्थिर रहेगी, अवैध खनन पर अंकुश लगेगा।

अभियान | वार्ड 8-9 में नया अभियान, सड़कों से हटाए 70 से अधिक पशु

# जालंधर में लावारिस पशुओं की नसबंदी अभियान तेज

समर न्यूज | जालंधर

जालंधर प्रशासन ने लावारिस कुत्तों और अन्य आवारा पशुओं के नियंत्रण के लिए काम तेज कर दिया है। एनिमल बर्थ कंट्रोल कार्यक्रम के तहत पहले वार्ड नंबर 10 और 11 में 1,017 से अधिक कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है।

यह कदम सुप्रीम कोर्ट के आदेश और लावारिस कुत्तों द्वारा काटने की शिकायतों के बाद उठाया गया। अभियान का उद्देश्य शहर की गलियों और सड़कों को लावारिस पशुओं से मुक्त करना है और धीरे-धीरे पूरे जालंधर में इसे लागू किया जाएगा। जालंधर के डीसी डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स के सदस्यों के साथ बैठक में बताया कि वार्ड 10 और 11 में अभियान सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद अब



नसबंदी अभियान वार्ड 8 और 9 में शुरू किया जा रहा है। उनका कहना है कि यह अभियान स्ट्रे डॉग्स की संख्या को नियंत्रित करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा।

इसके साथ ही पिछले दो महीनों में सड़कों से लगभग 70 लावारिस पशुओं को गौशालाओं में स्थानांतरित किया गया है, ताकि सर्दियों में धुंध के दौरान होने वाले एक्सीडेंटों को रोका जा सके। डीसी ने किसानों और डेयरी फार्मर्स से अपील की कि वे पशुओं को सड़कों पर न छोड़ें, बल्कि प्रशासन द्वारा संचालित गौशालाओं में सौंपें। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों को नई गौशाला निर्माण और कनियान कलां गौशाला के विस्तार के काम में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर जालंधर प्रशासन ने आवारा पशुओं से संबंधित शिकायतों के लिए व्हाट्सएप हेल्पलाइन 96462-22555 जारी की। डीसी डॉ. अग्रवाल ने कहा कि लोग इस नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और प्रशासन समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। यह कदम आवारा पशुओं की समस्या को नियंत्रित करने और शहर में सुरक्षा एवं सुव्यवस्था बनाए रखने की दिशा में अहम साबित होगा।

## मैं बोलूंगा तो...

# डॉलर महंगा हुआ, तो उससे मां का मूड खराब



समर न्यूज | चंडीगढ़

रुपया रोज-रोज गिर रहा है, पर इसका असर हमारी जिंदगी पर कैसे हो रहा है? मेरे मोहल्ले में एक बहुत होशियार (और उतना ही झूठा) अंकल रहते हैं—डॉलर देव। उनका मानना है कि दुनिया की हर चीज़ की कीमत डॉलर से ही तय होती है। एक दिन वे चाय की दुकान पर आए और बोले, "रुपया गिर रहा है सब खत्म!"

हम सब घबरा गए। दुकान वाला बोला, "क्या चाय भी महंगी हो जाएगी? अंकल बोले, "चाय? अरे बेटा, चाय अब इंटरनेशनल ड्रिंक बन जाएगी! बात ऐसी बैठी कि जैसे आज ही विदेश मंत्री उन्हें अमेरिका भेज देगा। इसी बीच मैंने पूछा, "देव अंकल, मेरे जैसे आम इंसान पर इसका क्या असर?"

अंकल ने बड़े गर्व से समझाया, "देखो, जब डॉलर महंगा हुआ, तो पेट्रोल महंगा, उससे सब्जी महंगी, उससे मां का मूड खराब और तुम्हारी जेब सीधी-सीधी हल्की!

दुकान पर बैठे सभी लोग सहम गए, जैसे अचानक से IMF हमारे घर किराया लेने आ रहा हो। तभी चाय वाले की बीवी आ गई, बोली, "अरे महंगे तेल में तो खाना भी नहीं बनेगा!

अंकल बोले, "हां बहन, और फोन-लैपटॉप भी महंगे! अब बच्चा बोलेगा—मां, iPhone चाहिए और मां बोलेगी—बेटा, पहले रुपया संभालो!"

इतना सुनकर हमारे मोहल्ले के नौजवान चिंटू ने अपने नए Imported जूते की तरफ देखा। जूते 8,000 के थे। बोला, "अगर डॉलर और बढ़ गया तो क्या मैं इन्हें बेचकर बकरी खरीद सकता हूँ?"

अंकल बोले, "नहीं बेटा, तब बकरी भी Imported गिनी जाएगी!"

सब हंस पड़े, लेकिन अंकल का ज्ञान जारी रहा।

"और सुनो, जो विदेश में रहते हैं, उन्हें फायदा! उन्हें लग रहा होगा जैसे उनका पैसा दूध देने वाली गाय हो, और हमारा रुपया बकरी के बच्चे जैसा—जितना पकड़ो उतना फिसले।"

अचानक चाय वाला बोला, "तो हल क्या है?"

अंकल ने चाय की चुस्की ली और बोले, "हल? बस डॉलर के बारे में रोज चिंता करो, और देश को आत्मनिर्भर बनाओ जैसे मैं हर महीने अमेरिका की खबरें देखता हूँ, पर कभी वीज़ा लगाने की हिम्मत नहीं करता!"

नतीजः रुपया नीचे हो तो जेब हल्की होती है, दिमाग भारी। Imported चीजें महंगी, रोजमर्रा का खर्च बढ़ता, और चिंता फ्री में! लेकिन कमाई डॉलर में हो तो ज़िंदगी लग्ज़री वरना कहानी चाय से शुरू, चिंता पर खत्म!

यही है हमारा डॉलर ड्रामा लाइफ #MainBolungaTo #SummerExpress #SummerNews #BakwaasBulletin #SatireShots #FakeSeriousNews

## Good DAY

समर न्यूज | लुधियाना



नए दिन की शुरुआत नई उम्मीदों और नई संभावनाओं के साथ होती है। सुबह की ताज़ी हवा की तरह आपके विचार भी ताज़गी और सकारात्मकता से भरें। आज का दिन आपके जीवन में खुशियों की किरणें लेकर आए, और हर कदम पर सफलता आपका साथ दे। याद रखें, हर छोटी कोशिश बड़े बदलाव की शुरुआत होती है। इसलिए अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते रहें, चाहे गति धीमी ही क्यों न हो, क्योंकि निरंतरता ही जीत का मार्ग बनाती है। आज दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करें और हर परिस्थिति को शांत मन से स्वीकार करें। परमात्मा पर विश्वास रखें और खुद पर भरोसा रखना कभी न छोड़ें। आपका हर प्रयास सार्थक हो, और आज का दिन आपकी मेहनत को नई दिशा और नई पहचान दे, साथ ही आपको प्रेरणा दे कि हर चुनौती एक नए अवसर का द्वार खोलती है। मुस्कुराते रहें और सकारात्मक रहें।

*शालू वर्मा*
*साउंड हीलिंग स्प्रिचुअल काउंसलर*

# देश में बच्चों के खिलाफ अपराधों की सुनवाई बेहद सुस्त

## • दो साल से ज्यादा समय से 35 हजार से अधिक पॉक्सो केस लंबित

समर न्यूज | नई दिल्ली

देश में बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराधों के बावजूद पॉक्सो कानून के तहत मामलों की सुनवाई की गति बेहद धीमी है। संसद में हाल ही में पेश किए गए सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 35,434 से अधिक मामले दो वर्ष से भी अधिक समय से अदालतों में अटके पड़े हैं। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या इस बात का संकेत है कि न्याय प्रक्रिया बच्चों के हितों की रक्षा करने में चुनौतियों से जूझ रही है।



### सबसे अधिक लंबित मामले कहाँ

*डेटा के अनुसार उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 10,566 मामले दो साल से ज्यादा समय से पेंडिंग हैं। इसके बाद महाराष्ट्र (7,962), पश्चिम बंगाल (2,003), तमिलनाडु (1,910) और मध्य प्रदेश (1,736) का स्थान है। अन्य राज्यों में स्थिति इस प्रकार हैः छत्तीसगढ़ः 375,राजस्थानः 224, बिहारः 1,079, झारखंडः 315,पंजाबः 152, हरियाणाः 606, चंडीगढ़ः 16, हिमाचल प्रदेशः 101, उत्तराखंडः 374*

*सरकारी रिकॉर्ड बताता है कि 2015 की तुलना में 2023 में लंबित मामलों में भारी उछाल आया है। उत्तर प्रदेश में लंबित मामले 26 से बढ़कर 10,566 हुए। महाराष्ट्र में 48 से 7,962।, पश्चिम बंगाल में 55 से 2,003।, तमिलनाडु में 2 से 1,910।, मध्य प्रदेश में 0 से 1,736।, यह वृद्धि बताती है कि या तो मामलों की संख्या तेजी से बढ़ी है या फिर जांच और सुनवाई की प्रक्रिया लगातार धीमी हो रही है।*

### ▪ फास्ट ट्रैक कोर्ट का प्रदर्शन

देशभर में कुल 773 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट संचालित हैं, जिनमें से 400 कोर्ट सिर्फ पॉक्सो मामलों की सुनवाई करती हैं। सितंबर 2025 तक ये अदालतें 3.5 लाख से अधिक मामलों का निपटारा कर चुकी हैं, लेकिन लंबित मामलों का बोझ अभी भी तेजी से बढ़ रहा है। संसद में प्रस्तुत अन्य जानकारी केंद्रीय कानून मंत्री ने बताया कि काला धन अधिनियम, 2015 के तहत विदेशी अघोषित संपत्तियों पर 40,564 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। हालांकि पिछले दस वर्ष में देश से कितना काला धन बाहर गया, इसका कोई आधिकारिक आकलन उपलब्ध नहीं है। सरकार ने यह भी बताया कि 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत 62 लाख गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, और 96.5 लाख किशोरियों को माहवारी स्वास्थ्य पर जागरूक किया गया। वहीं देश का इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम अप्रैल 2022 से AI आधारित सिस्टम की मदद से बीमारियों के शुरुआती संकेतों को पहचान कर तुरंत अलर्ट जारी कर रहा है।

### 5 वर्ष में 4.5 लाख से अधिक पॉक्सो केस

**विशेषज्ञ क्यों बता रहे देरी के कारण**

कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि पुलिस जांच में देरी, साक्ष्य जुटाने में तकनीकी चुनौतियां, प्रशासनिक प्रक्रियाओं की जटिलता और अदालतों पर बढ़ता बोझ इस हालत के प्रमुख कारण हैं। उनका मानना है कि सिर्फ अदालतों की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि पुलिस, प्रशासन, न्यायपालिका और समाज सभी स्तरों पर समन्वय और संवेदनशीलता की जरूरत है।

साल 2021 से 2025 के बीच देश में पॉक्सो मामलों की संख्या 4.5 लाख से अधिक दर्ज हुई। उत्तर प्रदेशः 1,31,692, महाराष्ट्रः 76,409, मध्य प्रदेशः 32,548, तमिलनाडुः 39,099, गुजरातः 31,617

कुछ पूर्वोत्तर राज्यों मिजोरम, नागालैंड, लद्दाख और अंडमान-निकोबार में हर वर्ष पॉक्सो के 0 से 11 मामलों के बीच ही शिकायतें दर्ज हुईं।

### धारा-118 संशोधन पर सियासी टकराव

# हिमाचल में निवेश बनाम पहचान की जंग भाजपा ने उठाया 'लैंडलेस हिमाचल' का खतरा

शगुन कश्यप | शिमला
समर न्यूज

हिमाचल प्रदेश टेनेंसी एंड लैंड रिफॉर्म एक्ट 1972 की धारा 118, राज्य के स्थानीय किसानों और उनके कृषि भूमि हितों की रक्षा के लिए बनी थी, जो गैर-कृषकों को कृषि भूमि खरीदने या हस्तांतरित करने से रोकती है, लेकिन हाल ही में (दिसंबर 2025 में) इसे व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान की सुक्खू सरकार द्वारा संशोधित किया जा रहा है, ताकि कुछ शर्तों (जैसे 100% हिमाचली सदस्य वाली सहकारी समितियां) के साथ रियायतें मिल सकें। इस रिफॉर्म के इतिहास की बात करें तो हिमाचल प्रदेश 1971 में पूर्ण राज्य बना, और 1974 में यह अधिनियम लागू हुआ. इसका मुख्य उद्देश्य था राज्य के छोटे किसानों को बाहरी लोगों द्वारा कृषि भूमि की खरीद से बचाना और भूमि के टुकड़ों को रोकना था. धारा 118 यह प्रतिबंध लगाती है कि गैर-कृषकों और गैर-हिमाचलियों को राज्य में कृषि भूमि खरीदने या हस्तांतरित करने से रोकती थी, जिसके लिए सरकारी अनुमति अनिवार्य थी।

शीतकालीन सत्र 2025 में प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा इस एक्ट में संशोधन की बात प्रदेश सरकार द्वारा सदन के पटल पर राखी गयी, हालाँकि इस विधेयक को लागु नहीं किया गया। लेकिन भाजपा द्वारा हिमाचल प्रदेश भू अभिधृति एवं भूमि सुधार (संशोधन) विधेयक को सेलेक्ट कमेटी को भेजना का प्रस्ताव रखा और सीएम सुक्खू द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकार किया गया।

### निवेश सरल, लीज़ व्यवस्था कानूनीः जगत नेगी



*सरकार का पक्ष रखे हुए सुक्खू कैबिनेट में राजस्व मंत्री जगत नेगी ने सीधे तौर राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और निजी निवेश, रोजगार सृजन व व्यापार में आसानी लाने के लिए इसमें संशोधन की बात कही है। इस एक्ट में प्राईवेट इन्वेस्टमेंट के लिए सरलीकरण पर बल दिया जाएगा। इसमें कॉपरेटिव सोसाइटी को भी कम समय के लिए भूमि को लीज में दिया जा सकेगा। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने सत्र के आखिरी दिन इस विषय पर चर्चा के दौरान कहा कि राज्य के उक्त लोगों को ध्यान में रखते हुए संशोधन लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से धारा -118 को कमजोर करने की बात कही जा रही है। लेकिन बिल में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं है। इसमें मात्र ग्रामीण परिवेश में बने भवन को गैर-कानूनी तरीके से कार्य किया जा रहा है। जिसमें 11 महीने के लिए एफिडेविट बनाया जा रहा है। जबकि 12 माह पर 118 की अनुमति लेनी पड़ती है। इसमें मात्र 10 वर्षों के लिए भवनों को कानूनी रूप से लीज में दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी ये प्रोविजन उपलब्ध था, जबकि पूर्व सरकार ने इसे बन्द किया था।*

### हिमाचल को लैंडलेस बनाने की तैयारीः रणधीर शर्मा



*नैना देवी के विधायक रणधीर शर्मा द्वारा कहा गया कि भूमि सुधार अधिनियम 1972 में धारा 118 को कमज़ोर करने का काम किया जा रहा है। पहले बाहरी राज्य के लोगों को शहरी क्षेत्र में आने की अनुमति मिली, अब ग्रामीण क्षेत्र में छूट देने का कार्य किया जा रहा है। भाजपा का मानना है कि हिमाचल के लोगों को लैंड लेस किए जाने का कार्य किया जा सकता है। इसमें 10 की बजाय 20 वर्षों के लिए लीज प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इसमें प्रॉपटी महंगे दामों पर बेचने का रास्ता खुल जाएगा। पहले प्लाट खरीदने पर दो साल में निर्माण करना होता है, अब टाईम पीरियड को पांच साल किया गया है, जबकि एक बार फिर पांच साल की एक्सटेंशन का प्रावधान है। इस तरह से हिमाचल में प्रॉपटी डीलरों की फ़ौज खड़ी करने का काम था। उन्होंने आग्रह किया कि ये महत्वपूर्ण बिल है, इसका स्वरूप बदलने से राज्य को बड़ा नुकसान होगा। इसमें अधिक भवन निर्माण से पर्यावरण को बड़ा नुकसान होगा। बाहरी लोगों को रास्ता खोलने से हिमाचल की संस्कृति भोले-भाले लोग प्रभावित होंगे।*

# US: अवैध सीमा पार करने वालों के लिए कानून हुआ सख्त, $5,000 का जुर्माना तय

समर न्यूज | न्यूयॉर्क

अमेरिका में अब जो लोग अवैध रूप से सीमा पार करेंगे, उन्हें 5,000 डॉलर का जुर्माना देना होगा। यह "एप्रिहेंशन फीस" 14 साल या उससे अधिक उम्र के सभी अवैध प्रवेशकर्ताओं पर लागू होगी जिन्हें गिरफ्तार किया जाएगा और जिन्हें अमेरिका में प्रवेश के योग्य नहीं माना जाएगा। यह जानकारी अमेरिकी बॉर्डर पेट्रोल प्रमुख माइकल बैंक्स ने दी। इस शुल्क को कांग्रेस ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की "वन बिग ब्यूटीफुल बिल" एक्ट के तहत मंजूरी दी थी जिसमें आव्रजन नियंत्रण के लिए अरबों डॉलर का प्रावधान किया गया है। बैंक्स ने ट्वीट में कहा कि यह संदेश सभी अवैध प्रवासियों के लिए है, चाहे वे कहीं से आए हों, अमेरिका में कितने समय से हों, उनकी वर्तमान स्थिति कैसी हो या उनके खिलाफ कोई चल रही कानूनी प्रक्रिया हो।

पिछले साल अमेरिका की दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर गिरफ्तारी की संख्या में काफी गिरावट आई है, जो 1960 के दशक के बाद सबसे कम स्तर पर पहुंच गई है।

नवंबर में बॉर्डर पेट्रोल ने लगभग 7,300 गिरफ्तारी की, जो अक्टूबर की तुलना में थोड़ी कम है।

साथ ही, बॉर्डर पेट्रोल एजेंट अब सीमा से दूर शहरों में भी तैनात किए गए हैं, जहां वे अक्सर अवैध प्रवासियों को पकड़ते हैं। यह कार्रवाई बड़े शॉपिंग हॉल, कार वॉश और अन्य जगहों पर की जाती है जहां अवैध प्रवासियों के जुटने की संभावना होती है।

इन एजेंटों और प्रदर्शनकारियों के बीच लॉस एंजेलेस और शिकागो जैसे शहरों में कई बार झड़पें भी हुई हैं। कई मुकदमे एजेंसी द्वारा प्रदर्शनकारियों पर शक्ति प्रयोग और बिना वारंट के गिरफ्तारी के कारण दर्ज किए गए हैं। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने शुक्रवार देर रात बताया कि यह शुल्क सितंबर से लागू किया गया है। जो लोग इसका भुगतान नहीं करेंगे, उनके खिलाफ यह राशि अमेरिकी सरकार का बकाया कर्ज बन जाएगी और भविष्य में उन्हें अमेरिका में कानूनी रूप से प्रवेश करने से रोका जा सकता है। ट्रंप प्रशासन ने अवैध प्रवासियों के लिए एक नई सजा की घोषणा की है, जिसे "अरेस्ट फीस" कहा गया है। इसके तहत जिन प्रवासियों के खिलाफ डिपोर्टेशन (देश निकाला) का आदेश है और जो अब तक अमेरिका छोड़कर नहीं गए हैं, उनसे प्रतिदिन लगभग 1,000 डॉलर जुर्माना वसूला जाएगा। इसके साथ ही प्रशासन ने एक अलग अभियान भी शुरू किया है, जिसे "सेल्फ-डिपोर्टेशन" कहा जा रहा है।

इसके तहत प्रवासियों को खुद अमेरिका छोड़ने पर 1,000 डॉलर तक का भुगतान करने का ऑफर दिया जा रहा है।

# दुराचार करने वाला कोच गिरफ्तार

समर न्यूज | नई दिल्ली

क्रिकेट टीम में चयन दिलाने का झांसा देकर दो नाबालिग खिलाड़ियों के साथ दुराचार करने के मामले में एक क्रिकेट कोच को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना की पुष्टि करते हुए सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) गौरव कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान 45 वर्षीय मुरारी लाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 14 और 15 वर्ष के दोनों लड़के नियमित रूप से कोचिंग के लिए आरोपी के पास जाते थे। आरोप है कि वह चयन और मेडिकल टेस्ट के नाम पर बच्चों को अलग-अलग स्थानों पर ले गया और उनके साथ शोषण किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब एक बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकीय जांच के दौरान पीड़ित ने घटना बताई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को तहरीर सौंपी। एसीपी ने बताया कि आरोपी की पत्नी ने भी लगभग पांच वर्ष पहले उसके गलत व्यवहार के कारण तलाक ले लिया था। वर्ष 2021 में भी वह इसी तरह के एक मामले में गिरफ्तार हो चुका है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी को 50 लाख रंगदारी की धमकी

समर न्यूज | गुरदासपुर

अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी राहुल वशिष्ठ को खेल छोड़ने और 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने की धमकियां मिल रही हैं। राहुल ने थाना सिटी गुरदासपुर और एसएसपी को इसकी शिकायत दी है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। खिलाड़ी ने बताया कि धमकियां विदेशी नंबरों से बब्बर खालसा इंटरनेशनल और पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी के नाम पर दी जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें कई बार कॉल, सोशल मीडिया मैसेज मिले हैं, उनके घर पर फायरिंग भी हो चुकी है।

# एअर इंडिया ने उठाया बड़ा कदम

## घरेलू टिकटों पर बदलाव और शुल्क पूरी तरह माफ

समर न्यूज | नई दिल्ली

इंडिगो की उड़ानों में लगातार आ रही दिक्कतों से देशभर में हजारों यात्री परेशान हैं। इस स्थिति में टाटा समूह की एयरलाइन एअर इंडिया ने राहत देते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि घरेलू उड़ानों के लिए टिकटों में तारीख बदलने या यात्रा रद्द करने पर लगने वाला शुल्क पूरी तरह समाप्त किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन यात्रियों को तत्काल विकल्प उपलब्ध कराना है, जिनकी यात्रा योजनाएँ प्रभावित हुई हैं। एअर इंडिया ने बताया कि उसने और उसकी सहयोगी कंपनी एअर इंडिया एक्सप्रेस ने सभी नॉन-स्टॉप घरेलू उड़ानों के इकोनॉमी क्लास टिकटों पर विशेष किराया सीमा लागू कर दी है। इससे अचानक बढ़ने वाले किरायों पर रोक लग सकेगी और यात्रियों को उपलब्ध सीटें उचित दाम पर मिलेंगी। राहत पैकेज के तहत 4 दिसंबर तक बुक किए गए और 15 दिसंबर तक निर्धारित यात्रा वाले यात्री अपनी यात्रा की तारीख में बदलाव बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के कर सकेंगे। यदि यात्री अपनी यात्रा रद्द करना चाहते हैं, तो उन्हें पूरी टिकट राशि वापस मिलेगी और किसी प्रकार का कैंसिलेशन चार्ज नहीं लिया जाएगा। एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि यह वन-टाइम स्पेशल छूट किए गए परिवर्तन या रद्दीकरण पर लागू रहेगी। हालांकि यदि यात्री नई तारीख पर टिकट की कीमत अधिक होने के कारण किराए में अंतर आता है, तो वह अतिरिक्त राशि उन्हें स्वयं वहन करनी होगी। एअर इंडिया का कहना है कि मौजूदा स्थिति में यह कदम यात्रियों को पर्याप्त राहत देगा और उन्हें बिना आर्थिक दबाव के अपनी यात्रा योजनाओं को पुनर्गठित करने का मौका मिलेगा।

**पेज 3 एंकर स्टोरी** | **मोबाइल उत्पादन में भारत की बड़ी छलांग**

# 10 साल में आयात 75% से घटकर 0.02%, निर्यात 127 गुणा बढ़ा

## ▪ इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़ा, पीएलआई स्कीम से मजबूत हुआ मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम

समर न्यूज | नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश ताज़ा आंकड़ों ने दिखाया है कि भारत अब मोबाइल निर्माण के क्षेत्र में तेज़ी से आत्मनिर्भर राष्ट्र बनता जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी विवरण के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में मोबाइल फोन का आयात घटकर केवल 0.02 प्रतिशत रह गया है। यह वही देश है जिसे लगभग एक दशक पहले अपनी जरूरत का 75 प्रतिशत मोबाइल फोन विदेशों से मंगवाना पड़ता था।

मंत्रालय ने बताया कि बीते 10 वर्षों में भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का घरेलू उत्पादन उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। सरकारी प्रयासों, नीतिगत सुधारों और उद्योग को प्रोत्साहित करने वाली नई योजनाओं की बदौलत इस सेक्टर का आकार तेज़ी से विस्तारित हुआ है। आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का कुल उत्पादन 11.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि वर्ष 2014-15 में यह केवल 1.9 लाख करोड़ रुपये था। यानी इस अवधि में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में लगभग छह गुना वृद्धि दर्ज की गई है।



इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संसद को बताया कि भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के क्षेत्र में सक्षम बनाने के लिए सरकार ने आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत व्यापक स्तर पर सुधार किए हैं। विशेष रूप से प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (PLI) स्कीम को लागू कर एक मजबूत विनिर्माण इकोसिस्टम खड़ा किया गया, जिसके कारण उद्योगों ने बड़े पैमाने पर निवेश शुरू किया। उन्होंने कहा कि अब मोबाइल फोन निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कई प्रमुख पार्ट्स—जैसे डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, चार्जिंग उपकरण और अन्य घटक—भी देश में ही तैयार किए जा रहे हैं, जिससे आयात पर निर्भरता और कम होगी।

### ▪ निर्यात में रिकॉर्ड उछाल

*संसद में दिए गए आंकड़ों के मुताबिक भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये के मोबाइल फोन निर्यात किए। यह संख्या दस साल पहले जहां मात्र 0.01 लाख करोड़ थी, वहीं अब इसमें 127 गुना वृद्धि दर्ज हुई है। यह इशारा करता है कि भारत अब न सिर्फ घरेलू जरूरतें पूरी कर रहा है, बल्कि वैश्विक बाजार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगा है।*

### ▪ लैपटॉप और आईटी हार्डवेयर की तैयारी

*सरकार ने आईटी हार्डवेयर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अब लैपटॉप, टैबलेट और अन्य डिजिटल डिवाइसों के लिए भी पीएलआई स्कीम की शुरुआत कर दी है। फिलहाल भारत हर साल एक करोड़ से अधिक लैपटॉप आयात करता है, लेकिन नई नीति के साथ यह निर्भरता भी जल्द घटने की उम्मीद है।*

# जुलाना में जजपा का शक्ति प्रदर्शनः 10 एकड़ में सजी भव्य रैली

## राहुल फाजिलपुरिया की उपस्थिति से रैली में बढ़ी रौनक, क्षेत्रीय नेता भी रहे सक्रिय

समर न्यूज | जींद

जननायक जनता पार्टी ने अपने स्थापना दिवस पर जींद जिले के जुलाना में प्रदेश स्तरीय भव्य रैली का आयोजन किया। पार्टी ने इस रैली को शक्ति प्रदर्शन का रूप दिया, जिसके लिए करीब 10 एकड़ क्षेत्र में विशाल मैदान तैयार किया गया। रैली स्थल पर पार्किंग से लेकर पंडाल और भव्य मंच तक सभी व्यवस्थाएं बड़े स्तर पर की गईं।

भीड़ को नियंत्रित करने और सुव्यवस्थित बैठने की सुविधा के लिए विस्तृत इंतजाम किए गए थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे पंडाल में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। इसी दौरान पूर्व उप मुख्यमंत्री और जजपा नेता दुष्यंत चौटाला रैली स्थल पहुंचे और मंच पर पहुंचकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।



जींद रैली दुष्यंत चौटाला के संबोधन को सुनते हुए लोग - समर न्यूज

रैली में जजपा सुप्रीमो अजय सिंह चौटाला के भी शामिल होने की संभावना जताई गई थी, हालांकि निमंत्रण भेजे जाने के बावजूद रणजीत सिंह चौटाला कार्यक्रम में नहीं पहुंचे, जिससे उनके रुख को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गईं।

रैली की विशेष तैयारियों में आयोजकों ने अंतिम समय में एक बड़ा बदलाव भी किया। लोगों के बैठने के लिए पहले लगाई गई लाल कुर्सियों को हटाकर उनकी जगह हल्के भूरे रंग की 15 हजार नई कुर्सियां लगवाई गईं। बताया गया कि यह बदलाव इसलिए किया गया ताकि अगर कुछ कुर्सियां खाली भी रह जाएं तो वे आसानी से नजर न आएं।

टैंट हाउस मालिक को विशेष ऑर्डर देकर यह कुर्सियां तुरंत मंगवाई गईं और शनिवार को ही पूरा पंडाल नई कुर्सियों से सजा दिया गया। नेशनल हाईवे-352 पर स्थित जुलाना इंटरनल रोड के बीच बनाए गए रैली स्थल तक लोगों के पहुंचने के लिए आसान मार्ग की व्यवस्था की गई।

हरियाणवी सिंगर राहुल फाजिलपुरिया भी रैली में पहुंचे और माहौल को जीवंत बनाया। क्षेत्रीय नेताओं की मौजूदगी और बढ़ती भीड़ ने जजपा के इस शक्ति प्रदर्शन को खासा चर्चित बना दिया।

# अब गेहूं के अवशेष जलाने पर भी होगी कार्रवाई

## पराली ही नहीं, गेहूं के अवशेष जलाने पर भी कठोर रुख अपनाएगी सरकार

समर न्यूज | चंडीगढ़

हरियाणा सरकार अब धान की पराली के साथ-साथ गेहूं के फसल अवशेष जलाने पर भी कठोर रुख अपनाने जा रही है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव से आगामी रबी सीजन के लिए विस्तृत एक्शन प्लान प्रस्तुत करने को कहा है, जिसमें निगरानी व्यवस्था, दंडात्मक कार्रवाई और व्यापक जागरूकता अभियान शामिल होंगे। सरकार जल्द ही यह प्लान आयोग को सौंपेगी। राज्य में कई किसान गेहूं की कटाई के बाद बचे फसल अवशेषों को खेतों में ही जलाकर निपटारा करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार गेहूं के अवशेष जलाने से भी वही खतरनाक प्रदूषक उत्सर्जित होते हैं जो धान की पराली से निकलते हैं। इसमें पीएम 2.5, पीएम 10, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, मीथेन और बेंजीन जैसी जहरीली गैसें शामिल हैं। ये गैसें न केवल वायु गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं बल्कि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव डालती हैं।

लगातार जलाने से मिट्टी के महत्वपूर्ण पोषक तत्व और सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता घटती है।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस साल 1 अप्रैल से 31 मई तक हरियाणा में गेहूं अवशेष जलाने के 1832 मामले दर्ज किए गए हैं। यह आंकड़ा पिछले चार वर्षों में सबसे कम है। वर्ष 2022 में 2887, 2023 में 1903 और 2024 में 3159 मामले सामने आए थे।

वर्ष 2025 के जिला-वार आंकड़ों की बात करें तो फतेहाबाद में



पराली जलाते हुए किसान - समर न्यूज

220, सोनीपत में 219, कैथल में 178, जींद में 176 और करनाल में 164 मामले दर्ज हुए। अन्य राज्यों की तुलना में भी हरियाणा की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है।

मध्य प्रदेश में 34,429, उत्तर प्रदेश में 14,398, पंजाब में 10,207 और दिल्ली में 49 मामलों की पुष्टि हुई है। बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार अब सख्त कदम उठाने की तैयारी में है ताकि प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सके और किसानों को वैकल्पिक प्रबंधन तरीकों के लिए प्रेरित किया जा सके।

# डीएवी कॉलेज में हुआ 100 कुंडीय हवन यज्ञ

समर न्यूज | अंबाला

डीएवी कॉलेज, अंबाला शहर में आर्य युवा समाज द्वारा 100 कुंडीय विशाल हवन यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। पूरे परिसर में वेद मंत्रों की पवित्र ध्वनि गूंजती रही और अध्यात्म व सामाजिक जागरूकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में हरियाणा के पूर्व मंत्री असीम गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, जहां पहुंचने पर आयोजकों ने उनका हार्दिक स्वागत किया। इस विशाल हवन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समाज में बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना था। आर्य युवा समाज द्वारा किए जा रहे इस सांस्कृतिक एवं सामाजिक प्रयास की पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब नशे की लत तेज़ी से युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में ले रही है, ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम युवाओं को सही दिशा दिखाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकते हैं।




डीएवी कॉलेज अंबाला - समर न्यूज

असीम गोयल ने विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नशा-मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकारी प्रयासों की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार भी नशा-उन्मूलन के लिए विभिन्न स्तरों पर अभियान चला रही है तथा लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करा रही है। सरकार का लक्ष्य नशे को जड़ से मिटाकर युवाओं को सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, समाजसेवी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से नशा-मुक्ति के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अंत में आयोजकों ने पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया और समाज सुधार के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

# सब इंस्पेक्टर सुमित रिश्वत लेते गिरफ्तार

समर न्यूज | फरीदाबाद

एंटी करप्शन ब्यूरो ने सब-इंस्पेक्टर सुमित को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। इस मामले के बाद धौज थाना इंचार्ज नरेश कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। शिकायतकर्ता ने थाना इंचार्ज पर भी रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था, जिसके बाद इंचार्ज मेडिकल लीव पर चले गए थे। कुरुक्षेत्र के प्रोफेसर कॉलोनी निवासी मनोज कुमार ने एसीबी को शिकायत दी थी। मनोज ने बताया कि वह नेक्सा जीपीएस एंड प्रोडक्ट ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हैं और उनकी कंपनी नवंबर 2023 से गाड़ियों में जीपीएस लगाने का काम कर रही है। धौज निवासी राहुल ने 8 सितंबर को उनकी कंपनी के खिलाफ धौज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद कंपनी के कर्मचारी नफीस को गिरफ्तार किया गया था।

मनोज कुमार के अनुसार, धौज थाना प्रभारी नरेश कुमार ने उन पर दबाव बनाया और कहा कि उनकी कंपनी की महिला कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। महिला कर्मचारियों को




पुलिस गिरफ्त में आरोपी पुलिसकर्मी - समर न्यूज

गिरफ्तार न करने के एवज में रिश्वत की मांग की गई। पीड़ित ने नरेश कुमार को 15 लाख रुपये और एसआई सुमित को 1 लाख रुपये दिए थे। इसके बावजूद, SI सुमित डेढ़ लाख रुपये और मांग रहा था, जिसमें 1 लाख रुपये थाना प्रभारी के लिए और 50 हजार रुपये अपने लिए थे। रिश्वत कांड सामने आने के बाद थाना इंचार्ज नरेश कुमार मेडिकल लीव लेकर गायब हो गए थे। इससे पहले भी धौज थाना प्रभारी की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े एक मामले में लापरवाही सामने आई थी, जहां थाने से डेढ़ किलोमीटर दूर हथियार और विस्फोटक जमा होते रहे थे, लेकिन उन्हें इसकी भनक तक नहीं लगी थी। उस समय पुलिस आयुक्त ने थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने के बजाय इसे संयुक्त ऑपरेशन का नाम दिया था। रिश्वत लेते पकड़े गए एसआई सुमित को विजिलेंस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मामले के जांच अधिकारी विजेंद्र ने बताया कि एसएचओ नरेश कुमार को भी जांच में शामिल कर उनसे पूछताछ की जाएगी।

# हार्दिक राठी की मौत, अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

समर न्यूज | रोहतक

लाखनमाजरा गांव में 25 नवंबर को हुए दर्दनाक हादसे में राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी हार्दिक राठी की मौत के मामले ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है। मृतक के पिता ने खेल सुविधाओं में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सदर थाना रोहतक में अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। हार्दिक गांव की पंचायत भूमि पर बने बास्केटबॉल कोर्ट पर अभ्यास कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने जंग लगे लोहे के पोल पर लटकने का प्रयास किया, जो अचानक टूटकर गिर गया। हादसे में हार्दिक गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी खिलाड़ी उन्हें तुरंत पीजीआईएमएस रोहतक ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो चुका है, जिसमें हादसे का क्षण स्पष्ट नजर आ रहा है। हार्दिक राठी ने कांगड़ा में 47वीं सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप



मृतक खिलाड़ी हार्दिक राठी की फाइल फोटो - समर न्यूज

में सिल्वर, हैदराबाद में 49वीं सब जूनियर नेशनल में ब्रॉन्ज और पुडुचेरी में 39वीं यूथ नेशनल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उनकी असमय मृत्यु से परिवार, गांव और खेल जगत में गहरा शोक है। खिलाड़ियों की धरती माने जाने वाले लाखनमाजरा गांव से पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकल चुके हैं, लेकिन जर्जर खेल सुविधाओं ने एक और होनहार प्रतिभा की जान ले ली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई और खेल ढांचों की मरम्मत की मांग की है।

# लिव-इन संबंध से नाराज भाइयों ने युवक की पीट-पीटकर हत्या की

समर न्यूज | भिवानी

जिले के गांव धनाना में एक युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय रिंकू के रूप में हुई है, जो इसी गांव का निवासी था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि रिंकू झज्जर की एक शादीशुदा महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। इसी बात से नाराज महिला के भाइयों ने अपने साथियों के साथ मिलकर रिंकू पर हमला किया। पुलिस को दी शिकायत में रिंकू के भाई संजय ने बताया कि रात करीब 8 बजे रिंकू को एक युवक ने फोन कर घर से बाहर बुलाया था।

रिंकू जब घर से बाहर आया, तो वहां झज्जर का एक युवक अपने पांच-छह साथियों के साथ पहले से मौजूद था। आरोपियों ने रिंकू पर रॉड और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर



मृतक युवक की फाइल फोटो - समर न्यूज

रूप से घायल रिंकू को पहले भिवानी के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर उसे रोहतक पीजीआई रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में पता चला है कि महिला 2022 से रिंकू के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में थी। महिला पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों की मां है। इसी संबंध के कारण महिला के भाई रिंकू से रंजिश रखते थे। रिंकू अपने तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था और राजमिस्त्री का काम करता था। उसके पिता कैंसर से पीड़ित हैं।

# जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

समर न्यूज | फरीदाबाद

दिव्यांगों को सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्थानीय दिव्यांग संस्थाओं ने संयुक्त रूप से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फरीदाबाद की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी पहुंचीं, जहां लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मेयर प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि सरकार और नगर निगम का संकल्प है कि शहर के दिव्यांग जनों को हर संभव सुविधा और अवसर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने बताया कि स्पेशल अचीवर संस्था लगातार दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। इस रैली का प्रमुख उद्देश्य समाज को जागरूक करना और दिव्यांगों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। कार्यक्रम के तहत आयोजित साइकिल रैली में सैकड़ों दिव्यांगजन और शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# जेजेपी की शक्ति-प्रदर्शन रैली से हरियाणा में होगी तीसरे विकल्प की वापसी

## रैली पर सियासी संग्रामः आप, बीजेपी और कांग्रेस ने जजपा पर एक-साथ साधा निशाना

अक्षय जाधव | चंडीगढ़
समर न्यूज

जननायक जनता पार्टी ने जींद जिले के जुलाना कस्बे में रविवार को अपनी आठवीं वर्षगांठ पर राज्य स्तरीय रैली कर यह संकेत दे दिया कि पार्टी आने वाले वर्षों में प्रदेश की राजनीति में दोबारा मजबूत वापसी की तैयारी कर रही है। पूर्व सांसद डॉ. अजय सिंह चौटाला और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की अगुवाई वाली पार्टी सत्ता से बाहर होने के बाद पहली बार इतने बड़े स्तर पर शक्ति-प्रदर्शन करते दिखाई दी। रैली को जुलाना में आयोजित करना जजपा की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, क्योंकि यह क्षेत्र पार्टी के लिए पहले से राजनीतिक रूप से उपजाऊ रहा है। 2019 में यहां से जजपा उम्मीदवार अमरजीत ढांडा की जीत ने पार्टी को बड़ा आधार दिया था, हालांकि 2024 में यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जुलाना की यह रैली जजपा के भविष्य की दिशा तय कर सकती है। यदि पार्टी जींद जिले में दोबारा जनाधार खड़ा करने में सफल रहती है, तो यह क्षेत्र कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए बड़ी चुनौती बन जाएगा। 2024 के विधानसभा चुनावों में जहां सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस के बीच दिखी थी, वहीं जजपा और इनेलो मुख्य मुकाबले से बाहर रहीं थीं। इनेलो के लिए भी यह रैली अहम संकेत है। पार्टी लगातार जजपा के संगठन व समर्थकों पर सेंध लगाने की कोशिश में है। अभय सिंह चौटाला और सुनैना चौटाला लगातार जींद दौरे कर रहे हैं। चौधरी देवीलाल और ओमप्रकाश चौटाला की राजनीतिक विरासत को लेकर दोनों दलों के बीच भविष्य में और भी तीखी प्रतिस्पर्धा दिख सकती है। जींद जिले की राजनीति में जजपा और इनेलो का संघर्ष आने वाले वर्षों में फिर केंद्रीय जगह ले सकता है, जिससे प्रदेश की राजनीति में तीसरे विकल्प की संभावना एक बार फिर उभर सकती है।

### जजपा ने किसानों को किया अपमानित



जजपा ने जो पांच सालों में हरियाणा में लूट मचाई थी उसे डकारने के लिए लोगों के बीच जाकर अपनी बात जो कह रही है ये सब एक राजनीतिक ड्रामा है। जजपा ने चौधरी देवी लाल की विरासत को प्रदेश से तोड़ने का काम किया है। हरियाणा के किसान जो बॉर्डर पर अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे थे उनको अपमानित करने का काम किया। आज केवल पैसों के दम पर पांच वर्ष जजपा ने धान, दाल और शराब से घोटाला करके जो पैसा कमाया है उसके बल पर भीड़ जमा करके अपना अस्तित्व बचाना चाहती है।

**राय सिंह गुर्जर, प्रदेश प्रवक्ता, कांग्रेस**

### जेजेपी की जुलाना में फ्लॉप रैली



जेजेपी चाहे जितना शोर मचा ले, हरियाणा की जनता अच्छी तरह जानती है कि यह वही पार्टी है जिसने बीजेपी के इशारे पर अंदरूनी सेटिंग करके जनादेश से सबसे बड़ा विश्वासघात किया था। सत्ता में रहते हुए भाजपा की हर नाकामी पर मुहर लगाने वाली जेजेपी अब खुद को विकल्प बताने की कोशिश करेगी तो कौन यकीन करेगा। सच्चाई यह है कि वह आज भी भाजपा के एजेंट से ज़्यादा कुछ नहीं। जनता ने जेजेपी को धोखे की राजनीति के कारण पूरी तरह नकार दिया है।

**अनुराग ढांडा, राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज, आम आदमी पार्टी**

### रैली से जनता पर नहीं पड़ेगा कोई प्रभाव



जुलाना में जजपा की रैली से जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हरियाणा की जनता विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व चाहती है, जो केवल भाजपा ने दिया है। जजपा और इनेलो जैसी पार्टियां बार-बार शक्ति प्रदर्शन कर अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रही हैं, लेकिन प्रदेश की जनता इन्हें अच्छी तरह पहचान चुकी है।

**जसवीर संधू, सीनियर नेता, भाजपा**

जन्मोत्सव | संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 649वें जन्मोत्सव कार्यक्रम में कुमारी शैलजा ने की शिरकत

# हर नागरिक के अधिकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की देनः कुमारी सैलजा

समर न्यूज | नरवाना

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा ने धमतान साहिब नरवाना जिला जींद में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 649वें जन्मोत्सव को समर्पित कार्यक्रम में पहुंचकर उन्हें नमन किया और मंच से उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए गुरु रविदास जी द्वारा दिए गए समानता, न्याय और मानवीय मूल्यों के संदेश को साझा किया। साथ ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन करते हुए संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया।

सांसद कुमारी सैलजा ने गुरु ग्रंथ साहिब स्वरूप माथा टेक कर नमन किया।



जनता को संबोधित करती हुई कुमारी शैलजा - समर न्यूज

कुमारी शैलजा ने कहा कि धमतान साहिब गुरु तेग बहादुर जी की पावन तपोभूमि रही है जहां वे तीन बार पधारे और यहां के विभिन्न स्थलों पर अपनी अनंत कृपा दृष्टि बरसाई। उन्होंने कहा कि धमतान साहिब में जो ऐतिहासिक कुआं स्थित है, वह उन्हीं के समय में बनाया गया था। इसी पवित्र भूमि पर गुरु साहिब ने अपनी कर कमलों से गुरु घर की नींव रखी थी। जो आज भी करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। सांसद ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन करते हुए संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया।

सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि देश का हर व्यक्ति चाहे वह किसी भी जाति धर्म का हो पर उसको मिले अधिकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की ही देन है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करना हर व्यक्ति का दायित्व है। इस दौरान रघुबीर सिंह नैन (बिनैन खाप प्रधान) सतबीर सिंह दबलैन (पूर्व प्रत्याशी नरवाना), रविदास सभा के प्रधान जोधाराम, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी संदीप लौट, पूर्व विधायक राजरानी पूनम, धोला नैन, संजीव धमतान, महावीर सिंह, बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला, जगरूप सिंह सुरजेवाला, आशुतोष शर्मा, सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

**नेहरू को बदनाम करना आज की सत्ता का मुख्य मकसद**

सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय से रूस और यूएसएसआर के साथ अच्छे रिश्ते रहे, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय भी अच्छे रिश्ते रहे। ये बात अलग है कि ये सरकार नेहरू को हर बात में गलत साबित करना चाहती है। इसमें कोई शक नहीं है कि जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना आज की सत्ता का मुख्य मकसद है। वह उन्हें (नेहरू को) सिर्फ इतिहास से मिटाना नहीं चाहती, बल्कि उनकी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आधारों भी को कमजोर करना चाहती है, जिन पर देश खड़ा हुआ। हम चाहेंगे कि भारत और रूस के साथ हमारी दोस्ती और भी आगे बढ़े।

# सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

समर न्यूज | पिहोवा

हिसार-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-152 पर धनीरामपुरा के पास हुआ भीषण सड़क हादसा एक परिवार पर कहर बनकर टूटा। क्रॉसिंग के दौरान दूसरी कार की साइड लगने से स्विफ्ट डिजायर का संतुलन बिगड़ गया और वाहन कई बार पलटते हुए सड़क से नीचे खेतों में जा गिरा। हादसे में मोहाली के बाकरपुर गांव के 46 वर्षीय राम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चों सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राम सिंह शुक्रवार को अपने दोस्त की कार लेकर बेटी वीरेंद्र कौर और अन्य रिश्तेदारों के साथ राजस्थान के गोगामेड़ी धाम पर दर्शन करने गए थे। उनके साथ जीरकपुर निवासी जसविंद्र कौर, अंबाला निवासी सुनीता, उसके बच्चे वंश और अमनदीप कौर तथा चंडीगढ़ के मनीमाजरा निवासी हरविंद्र कौर भी यात्रा पर थे।

# सुल्फा तस्करी के मुख्य सप्लायर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपी हिमाचल से कैथल में नशा उपलब्ध कराता था

समर न्यूज | कैथल

पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। 1 किलो 45 ग्राम सुल्फा बरामद होने के मामले में पुलिस ने नशा सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया तस्कर हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के बरैन गांव का रहने वाला पुरुषोत्तम बताया जा रहा है, जो कैथल में तस्करों को नशा सप्लाई करता था। यह कार्रवाई उस मामले से जुड़ी है, जिसमें 2 नवंबर को ढांड बस स्टैंड के पास पुलिस ने धर्मेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया था। थाना ढांड पुलिस के एएसआई भान सिंह की टीम गश्त के दौरान संदेह होने पर उसे पकड़ा था। पूछताछ में जब टीम ने धर्मेंद्र को उसके आईसीआईसीआई बैंक कॉलोनी स्थित किराए के घर पर ले जाकर तलाशी ली, तो वहां से 1 किलो 45 ग्राम सुल्फा बरामद हुआ। धर्मेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे 6 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान पूछताछ में उसने खुलासा किया कि यह नशा उसे हिमाचल निवासी पुरुषोत्तम सप्लाई करता है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान नशा नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। पुलिस आगे की कार्रवाई इसी आधार पर करेगी।

# जगत सिंह नेगी का जयराम पर पलटवार

## कहा– हम आईना दिखाते हैं, बीजेपी को हमारी सरकार चलाने की आदत छोड़नी होगी

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़

मंडी में आगामी 11 दिसंबर को प्रस्तावित रैली की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर तीखा हमला बोला। मीडिया से बातचीत में नेगी ने कहा कि वे जयराम ठाकुर को सिर्फ वास्तविकता का आईना दिखाते हैं, लेकिन यह समझ नहीं आता कि जयराम उसमें क्या देख लेते हैं कि हर बार भड़क उठते हैं।

नेगी ने भाजपा द्वारा रैली को लेकर उठाए जा रहे सवालों को बेबुनियाद बताते हुए दो टूक कहा कि भाजपा चाहे जितनी बातें कर ले, इससे सरकार के फैसलों पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। उन्होंने कहा कि "सरकार हमारी है, जनता ने हमें जनादेश दिया है और हमारा दायित्व है कि हम जनता के हित में काम करें, न कि भाजपा की बताई दिशा में।"इससे पहले मंत्री जगत सिंह नेगी धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पड्डल मैदान पहुंचे, जहां उन्होंने रैली की तैयारियों का मैदान स्तर पर निरीक्षण किया। नेगी ने बताया कि 11 दिसंबर को होने वाली जन संकल्प रैली को प्रदेश का एक भव्य आयोजन बनाया जाएगा, जिसमें हिमाचल के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होने आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि रैली में आने वाले लोगों की आवाजाही, बैठने, खाने-पीने से लेकर पार्किंग तक हर सुविधा का व्यवस्थित प्रबंधन किया जा रहा है। सुरक्षा को लेकर भी पुलिस और प्रशासन को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं ताकि रैली के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो। नेगी ने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रशासन अंतिम रूपरेखा तैयार कर रहा है और हर विभाग को स्पष्ट जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

नेगी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में रैली में शामिल होकर सरकार के प्रति अपना समर्थन और विश्वास प्रकट करें। उन्होंने दावा किया कि यह रैली आने वाले दिनों में सरकार की दिशा और जनसरकार कार्यक्रमों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगी।


जायजा लेते कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी - समर न्यूज़

## हिमाचल में राशन डिपो निरीक्षण में लापरवाही



समर न्यूज़ | शिमला

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) की मार्च 2022 को समाप्त अवधि की रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश के उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण तंत्र में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने निरीक्षण लक्ष्य निर्धारित करने में लगातार लापरवाही की, जिससे बड़ी संख्या में राशन डिपो नियमित जांच से वंचित रह गए। वर्ष 2019-20 में 19,936 आवश्यक निरीक्षणों के मुकाबले सिर्फ 10,560 लक्ष्य तय किए गए, जबकि 2020-21 में 20,084 के स्थान पर केवल 10,420 निरीक्षण लक्ष्य निर्धारित हुए। 2021-22 में भी 20,272 की जरूरत के मुकाबले 10,479 का लक्ष्य ही तय किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में गूंजे अंबेडकर के आर्थिक विचार

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 6–7 दिसंबर 2025 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय, हमीरपुर द्वारा "एनवायरनमेंट, कल्चर एंड स्पिरिचुअलिटी" तथा "लाइफ़ एंड कंट्रीब्यूशन ऑफ़ डॉ. बी.आर. अंबेडकर" विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस द्विदिवसीय आयोजन में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। "आधुनिक भारत में समावेशित विकास और सतत राष्ट्रनिर्माण में डॉ. अंबेडकर के आर्थिक विचारों का योगदान" विषय पर आधारित अपने शोध में डॉ. चमन ने स्पष्ट किया कि संविधान निर्माता होने के साथ-साथ डॉ. अंबेडकर एक उत्कृष्ट अर्थशास्त्री भी थे, जिनकी दूरदर्शिता ने भारतीय आर्थिक ढांचे को मजबूत आधार दिया। उन्होंने बताया कि नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. अमर्त्य सेन और प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. जयंदरे, दोनों ही अंबेडकर की समावेशी आर्थिक दृष्टि से प्रभावित रहे हैं।

डॉ. चमन के अनुसार डॉ. अंबेडकर की अद्वितीय शैक्षणिक यात्रा कोलंबिया विश्वविद्यालय से लेकर लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स तक उन्हें विश्व के उन चुनिंदा विद्वानों की श्रेणी में स्थापित करती है जिन्होंने अनेक उच्च कोटि की डिग्रियां अर्जित कीं। उनकी ऐतिहासिक पुस्तक "द प्रॉब्लम ऑफ द रूपी" के आधार पर ही भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ, जो उनके वैज्ञानिक आर्थिक चिंतन का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि वायसरॉय काउंसिल के श्रम मंत्री के रूप में अंबेडकर ने दामोदर घाटी परियोजना, सोन नदी योजना और भाखड़ा नांगल जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों की नींव रखी। न्यूनतम मजदूरी, मातृत्व लाभ, सुरक्षित कार्य-स्थितियाँ और सामाजिक सुरक्षा पर उनके विचार आज की श्रम-नीति की रीढ़ हैं।

अपने शोधपत्र में डॉ. चमन ने कहा कि अंबेडकर का मूल आर्थिक संदेश यह था कि आर्थिक असमानता, सामाजिक अन्याय की जड़ है। यही कारण है कि उनका समावेशी विकास मॉडल आज मनरेगा, जन-धन योजना और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के रूप में वास्तविक रूप से दिखाई देता है।


फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल क्रांति - समर न्यूज़

# दुर्गम क्षेत्रों में क्लस्टर स्कूल व्यवस्था को चुनौती

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में शिक्षा ढांचे को मजबूत बनाने के लिए स्कूल शिक्षा निदेशालय द्वारा शुरू की गई क्लस्टर स्कूल व्यवस्था जिले के कुछ दुर्गम इलाकों में चुनौतियों का सामना कर रही है। नई प्रणाली के तहत बाल वाटिका से लेकर 12वीं तक का पूरा स्कूल शिक्षा ढांचा एक ही निदेशालय के अधीन कर दिया गया है, जबकि उच्च शिक्षा अलग निदेशालय द्वारा संभाली जाएगी।

इसी व्यवस्था के तहत सभी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को क्लस्टर हेड बनाया गया है और उनके अधीन आसपास के हाई, मिडल और प्राइमरी स्कूलों को जोड़ा गया है, ताकि सभी संस्थान एक यूनिट की तरह काम कर सकें और एक-दूसरे के संसाधनों को साझा कर सकें।

योजना का उद्देश्य शिक्षकों, प्रयोगशाला उपकरणों, खेल सामग्री, स्मार्ट कक्षाओं तथा अन्य सुविधाओं का पारस्परिक उपयोग बढ़ाना है। हालांकि, मंडी जिले के दुर्गम क्षेत्रों में यह व्यवस्था भौगोलिक कठिनाइयों की वजह से बाधित हो रही है। जिले के कई क्लस्टर स्कूलों के अधीन आने वाले संस्थान आपस में 1 से 2 घंटे की दूरी पर स्थित हैं। ऐसे में किसी शिक्षक को दूसरे स्कूल भेजना, छात्रों को कार्यक्रमों में शामिल करने के लिए क्लस्टर हेड स्कूल तक पहुंचाना, या नियमित संसाधन साझेदारी का पालन करना व्यवहारिक रूप से मुश्किल साबित हो रहा है।

उच्च शिक्षा उपनिदेशक मंडी, यशवीर धीमान ने बताया कि विभाग इन चुनौतियों से अच्छी तरह अवगत है और समाधान खोजने के लिए लगातार जमीनी स्तर पर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कमजोर कनेक्टिविटी, दूरदराज़ की भौगोलिक स्थिति तथा परिवहन बाधाएं इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन में रुकावट पैदा कर रही हैं। इसलिए विभाग अब ऐसे उपायों पर विचार कर रहा है, जिनसे संसाधनों के अधिक कुशल उपयोग को सुनिश्चित किया जा सके और क्लस्टर स्कूलों के बीच सामंजस्य बेहतर हो।

यशवीर धीमान के अनुसार, मंडी जिले में वर्तमान में 322 क्लस्टर स्कूल बनाए गए हैं, जिनमें प्रत्येक क्लस्टर में 10 से 12 स्कूल शामिल हैं। प्रत्येक क्लस्टर हेड स्कूल के प्रिंसिपल को समन्वय का दायित्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि जहां दूरी कम है, वहां इस नई व्यवस्था के अच्छे परिणाम सामने आए हैं। शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, संसाधनों का बेहतर उपयोग और शिक्षकों के बीच सहयोग बढ़ा है।


उपनिदेशक उच्च शिक्षा मंडी - समर न्यूज़

## हिमाचल में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के संकेत

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश में सर्दी अपने चरम की ओर बढ़ रही है और पहाड़ी इलाकों में ठंडक ने पूरी तरह दस्तक दे दी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ताज़ा भविष्यवाणी के अनुसार, राज्य के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में जल्द ही हल्की बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है। वहीं, बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर और कांगड़ा जैसे मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

शिमला, मनाली, नारकंडा, कुफरी समेत ऊंचाई वाले अधिकांश पर्यटन स्थलों में तापमान लगातार गिर रहा है। सुबह और शाम के समय पारा अचानक नीचे गिरने से कई स्थानों पर रास्तों में जमा पानी बर्फ बनने लगा है। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# नगर निगम का 150 करोड़ का मेगा प्लान, शहर को मिलेगा आधुनिक स्वरूप

अरविंद। हमीरपुर
समर न्यूज़

नगर निगम हमीरपुर शहर के चार नए संयोजित वार्डों के विकास को गति देने के लिए व्यापक रूपरेखा तैयार कर रहा है। निगम प्रशासन का लक्ष्य शहर को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप देना है। इसी क्रम में नगर निगम ने 150 करोड़ रुपये का एक बड़ा विकास प्रोजेक्ट केंद्र सरकार को मंजूरी हेतु भेजा है, जिसे स्वीकृति मिलने पर शहर में बुनियादी ढांचा विकास तेज़ी से आगे बढ़ेगा। नगर निगम कमिश्नर राकेश शर्मा के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य शहर की इमारतों को तकनीकी दृष्टि से मजबूत बनाना है। इसके लिए पूरे शहर की डिजिटल मैपिंग की गई है, जिसके आधार पर कमजोर और सुधार योग्य भवनों की पहचान की गई है। प्रस्तावित योजना के तहत इन भवनों को आधुनिक तकनीक से रेट्रोफिट किया जाएगा, जिससे उनकी मजबूती और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्राकृतिक आपदाओं के खतरे को ध्यान में रखते हुए परियोजना में अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया गया है, ताकि भूकंप या अन्य आपात स्थितियों के दौरान जोखिम को न्यूनतम किया जा सके। साथ ही नए विकसित हो रहे क्षेत्रों में व्यवस्थित शहरीकरण के लिए विशेष प्लान तैयार किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को सड़क, जल निकासी, पेयजल, स्ट्रीट लाइटिंग और अन्य आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध करवाई जा सकें।

कमिश्नर राकेश शर्मा ने बताया कि परियोजना के तकनीकी मूल्यांकन और डिजाइन कार्य के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर को तकनीकी एजेंसी के रूप में शामिल किया गया है।

निगम क्षेत्र में हाल ही में जुड़े इलाकों में भी बुनियादी ढांचा विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। नगर निगम का मानना है कि 150 करोड़ रुपये की इस परियोजना को मंजूरी मिलते ही शहर में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी, जिससे आने वाले वर्षों में हमीरपुर को एक अधिक सुरक्षित, संरचित और आधुनिक शहर के रूप में विकसित किया जा सकेगा।



फोटो, हमीरपुर शहर के बाजार में घूमते लोग - समर न्यूज़

# जवाली के कोटला में फोरलेन कंपनी के क्वार्टर में लगी आग, 19 वर्षीय युवक की मौत

संजीव | कांगडा
समर न्यूज़

कोटला में देर रात फोरलेन निर्माण कंपनी के क्वार्टर में अचानक आग लगने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि अन्य पांच कामगार भागकर सुरक्षित रहे। मृतक की पहचान 19 वर्षीय रोहित बरला, निवासी बुड़नी, रांची के रूप में हुई है।

पठानकोट–मंडी फोरलेन निर्माण कंपनी ने कैहरना में अपने कामगारों के ठहरने के लिए क्वार्टर बनाए थे। देर रात अचानक आग लगने की घटना के तुरंत बाद स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचे। आग पर काबू पाने के प्रयास के दौरान रोहित बरला गंभीर रूप से झुलस गया और इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गई। अन्य पांच कामगार किसी तरह सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला नूरपुर के एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि आग लगने के कारणों की पुष्टि के लिए तकनीकी और फोरेंसिक जांच की जा रही है। साथ ही कंपनी प्रशासन और कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।


आग की उठती लपटें - समर न्यूज़

# डिप्टी सीएम ने चिंतपूर्णी धाम में किए दर्शन

विकास। चिंतपूर्णी
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार देर शाम शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की।

व्यस्त राजनीतिक कार्यक्रमों के बीच भी वह अपने आध्यात्मिक कार्यक्रमों के लिए समय निकालते हैं, और इसी क्रम में उन्होंने इस बार भी मां के दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर परिसर में पहुंचने पर पुजारी नव कालिया ने वैदिक मंत्रोच्चारण और पारंपरिक विधानों के साथ पूजा संपन्न करवाई। डिप्टी सीएम ने मां चिंतपूर्णी से प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

पूजा के बाद मुकेश अग्निहोत्री ने मंदिर स्थित हवन कुंड में आहुतियां डालकर प्रदेश की भलाई के लिए विशेष प्रार्थना भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मां चिंतपूर्णी की कृपा से प्रदेश लगातार प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है और उनके आशीर्वाद से ही जनसेवा का संकल्प और मजबूत होता है।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह धाम न केवल श्रद्धालुओं का प्रमुख आस्था केंद्र है बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का भी अभिन्न हिस्सा है।गौ

रतलब है कि मुकेश अग्निहोत्री की माता चिंतपूर्णी के प्रति गहरी श्रद्धा है। वह अनेक अवसरों पर बताते रहे हैं कि मां के दरबार में पहुंचकर उन्हें मानसिक शांति और नई ऊर्जा मिलती है। इसी वजह से वह अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच भी समय निकालकर नियमित रूप से मंदिर पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों ने भी उनके आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे सकारात्मक संकेत बताया। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि डिप्टी सीएम की यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रही तथा सभी धार्मिक अनुष्ठान परंपरागत ढंग से संपन्न किए गए।


डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री - समर न्यूज़

# प्राकृतिक खेती से साधबड़ के अमर सिंह बने लोगों के लिए मिसाल

अरविंद। हमीरपुर
समर न्यूज़

हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती की दिशा में हो रहे प्रयास अब सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। प्रदेश के अनेक किसान इस किफायती, पर्यावरण–अनुकूल और जहरमुक्त खेती पद्धति को अपनाकर न केवल अपनी उपज को सुरक्षित और पौष्टिक बना रहे हैं, बल्कि इससे सम्मानजनक आय भी अर्जित कर रहे हैं। जिला हमीरपुर के नादौन उपमंडल की ग्राम पंचायत कमलाह के गांव साधबड़ के अमर सिंह भी ऐसे ही किसानों में शामिल हैं, जिन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाकर अपनी किस्मत और जमीन दोनों को संवार लिया है।

अमर सिंह पहले अपनी पुश्तैनी जमीन पर रासायनिक खाद और कीटनाशकों के प्रयोग से खेती करते थे। इससे जहां खेती का खर्च बढ़ रहा था, वहीं मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी घटती जा रही थी। रासायनिक दवाओं के प्रभाव से उपज की गुणवत्ता प्रभावित हो रही थी और परिवार के स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ने लगा था। इसी बीच प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई योजना का उन्हें लाभ मिला। योजना के तहत अमर सिंह को दो दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया और प्राकृतिक खेती हेतु आवश्यक सामग्री व संसाधनों, जैसे ड्रम आदि, पर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी भी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के बाद अमर सिंह ने पूरी तरह प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाया। वह स्वयं ही गोबर, गोमूत्र, शक्कर और बेसन से जीवामृत तैयार करते हैं और खेतों में इसी का नियमित छिड़काव करते हैं। इसके परिणामस्वरूप उनकी फसलों की पैदावार में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आज अमर सिंह आलू, प्याज, लहसुन, बैंगन, गोभी सहित विविध सब्जियां, सरसों एवं अन्य फसलें प्राकृतिक तरीके से उगा रहे हैं। इनकी ताजगी, स्वाद और जहरमुक्त गुणवत्ता के कारण स्थानीय बाजार में इन्हें अच्छे दाम मिल रहे हैं।


प्राकृतिक खेती करते अमर सिंह - समर न्यूज़

**साझेदारी** कांग्रेस सरकार को लोगों का ध्यान भटकाने में महारत हासिल

# जयराम ठाकुर बोले, प्रदेश में बड़े प्रोजेक्ट रुके, जनता में बढ़ी नाराजगी

समर न्यूज़ | धर्मशाला

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सोमवार को सुक्खू सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने को हैं, लेकिन कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार परियोजना अभी तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की लेटलतीफी के कारण न केवल इस महत्वपूर्ण परियोजना में देरी हुई है, बल्कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी निर्माण का काम भी वर्षों से अधर में लटका हुआ है। ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार अब तक मात्र 30 करोड़ रुपये भी जारी नहीं कर पाई है, जिससे साफ है कि विकास कार्यों के प्रति सरकार की नीयत ठीक नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के बजाय लोगों का ध्यान भटकाने में ज्यादा माहिर है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की लोकप्रियता प्रदेश में लगातार गिर रही है। कांगड़ा में हाल ही में हुए शीतकालीन सत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने तंज कसा कि जनता मुख्यमंत्री से मिलने तक नहीं पहुंची, जिसके चलते उन्हें सुबह की सैर के बहाने लोगों से संपर्क साधना पड़ा। उन्होंने कहा कि इतने लंबे प्रवास के बावजूद जनता का दूरी बनाए रखना सरकार के प्रति नाराजगी दर्शाता है।

नेता प्रतिपक्ष ने भाजपा की जोरावर स्टेडियम में आयोजित आक्रोश रैली का हवाला देते हुए कहा कि जनता ने मुख्यमंत्री कार्यालय से दूरी बनाई और भाजपा की रैली को पूरा समर्थन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के समय शुरू किए गए कांगड़ा के कई बड़े प्रोजेक्ट कांग्रेस सरकार ने ठंडे बस्ते में डाल दिए हैं। धर्मशाला को पर्यटन राजधानी बनाने के दावे भी कागजों तक सीमित हैं, जबकि भाजपा सरकार ने राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्क्लेव, ग्लोबल इन्वेस्टर मीट और मुख्य सचिवों के सम्मेलन के माध्यम से जिला को नई पहचान दिलाई थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा के सांसद लगातार क्षेत्रीय मुद्दों को केंद्र में मजबूती से उठा रहे हैं और आने वाले समय में अनेक परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी। लेकिन मौजूदा सरकार से बड़े प्रोजेक्ट आगे बढ़ने की उम्मीद रखना व्यर्थ है क्योंकि सत्ता में आते ही इस सरकार ने 2000 से अधिक चल रहे संस्थान बंद करवा दिए और विकास कार्यों को ठप कर दिया।


पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर - समर न्यूज़

# भाजपा ने कांग्रेस सरकार की 'गुटबाजी' को बताया असफल शासन की पहचान

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के भीतर जारी मतभेद और असंतोष को लेकर भाजपा ने तीखा प्रहार किया है। भाजपा के उपाध्यक्ष एवं सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज तथा वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन और सरकार दोनों ही गंभीर आंतरिक संकट से जूझ रहे हैं। उनके अनुसार, अब सरकार चल नहीं रही, बल्कि केवल गुटों की खींचतान चल रही है।

राजीव भारद्वाज ने धर्मशाला में आयोजित कांग्रेस विधायक दल की बैठक का हवाला देते हुए कहा कि यह कांग्रेस की टूटती एकजुटता का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई। दिल्ली से भेजे गए दो पर्यवेक्षकों की मौजूदगी के बावजूद 40 में से केवल 15 विधायक और मात्र दो मंत्री ही बैठक में पहुंचे। उन्होंने कहा कि कई विधायक धर्मशाला में मौजूद होने के बावजूद बैठक से दूर रहे, जो दर्शाता है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व पर विधायकों का भरोसा कम हो चुका है। भारद्वाज ने कहा कि पहली बार सत्ता पक्ष का ही कोरम पूरा न होना कांग्रेस सरकार की अंदरूनी स्थिति को उजागर करता है। उनके अनुसार, सरकार की नींव कमजोर हो चुकी है और यह किसी भी समय गिर सकती है।


सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज तथा वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर - समर न्यूज़

# शादी समारोह में मकान ढहने से 31 घायल, 4 गंभीर

## चंबा मेडिकल कॉलेज रेफर, प्रशासन ने चलाया राहत कार्य

मंज़ूर पठान। चंबा
समर न्यूज़

चुराह विधानसभा क्षेत्र की जुगरा पंचायत के शावा गांव में शादी समारोह खुशियों से भरा हुआ था, लेकिन देर शाम एक हादसे ने माहौल को दहशत में बदल दिया। पारंपरिक नृत्य के दौरान अचानक एक कच्चा मकान ढह गया, जिसके मलबे में दबकर 31 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को तुरंत नागरिक अस्पताल तीसा पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इनमें से चार लोग गंभीर रूप से घायल थे जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा रेफर किया गया है।

प्रशासन की ओर से राहत कार्य तेजी से चलाया गया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को तत्काल राहत के तौर पर पांच–पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है, जबकि एक व्यक्ति ने सहायता राशि लेने से मना कर दिया। शेष घायलों को भी मैनुअल के अनुसार राहत राशि देने की प्रक्रिया जारी है। हादसे के बाद से चुराह प्रशासन लगातार अस्पतालों में हालात पर नजर बनाए हुए है और हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही है।

एसडीएम चुराह राजेश कुमार जरियाल ने बताया कि कच्चा मकान गिरने से 31 लोग घायल हुए थे जिनमें चार की हालत अधिक गंभीर थी। सभी घायलों को नागरिक अस्पताल तीसा लाया गया, जबकि गंभीर चार व्यक्तियों को बेहतर उपचार के लिए चंबा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।

उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा त्वरित राहत के रूप में तीन गंभीर घायलों को पांच –पांच हजार रुपये प्रदान किए गए हैं। अन्य घायलों को भी शीघ्र ही नियमों के अनुसार राहत राशि दी जाएगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन पीड़ितों के साथ पूरी संवेदनशीलता से खड़ा है और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।


एसडीएम चुराह राजेश कुमार जरियाल - समर न्यूज़

# फ्लाइट कैंसिल की सूचना अब 10 घंटे पहले, चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर 24×7 कंट्रोल रूम शुरू

## यात्रियों को राहत देने के लिए चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों के लगातार कैंसिलेशन और देरी से परेशान यात्रियों को राहत देने के लिए सोमवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। अब किसी भी उड़ान के कैंसिल या री-शेड्यूल होने पर यात्रियों को कम से कम 10 घंटे पहले सूचना दी जाएगी। इसके अलावा एयरपोर्ट पर 24×7 कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो यात्रियों को रियल टाइम जानकारी और सहायता उपलब्ध कराएगा। यह निर्णय रविवार को एयरपोर्ट पर आयोजित हाई-लेवल बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता पंजाब सरकार की सिविल एविएशन सचिव सोनाली गिरी ने की। बैठक में इंडिगो, एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, सीआईएसएफ, एयरपोर्ट प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य इंडिगो संकट के कारण बढ़ रही असुविधा को कम करना और यात्रियों को अधिक सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करना था। सचिव सोनाली गिरी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में यात्रियों को परेशान नहीं होना चाहिए और एयरलाइंस को समयबद्ध और पारदर्शी व्यवस्था अपनानी होगी।

बैठक में रिफंड और री-शेड्यूलिंग प्रक्रिया को तेज करने, बैगेज डिलीवरी में लगने वाले समय को कम करने, तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। एयरलाइंस को सोशल मीडिया, एसएमएस, कॉल और अन्य प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से समय पर जानकारी साझा करने के निर्देश भी दिए गए। एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से बताया गया कि नया कंट्रोल रूम ड्यूटी टर्मिनल मैनेजर के कार्यालय में स्थापित किया गया है, जहां नियुक्त टीम 24 घंटे यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी। यहां से यात्रियों को रिफंड, री-शेड्यूलिंग, बैगेज डिलीवरी, फ्लाइट स्टेटस और अन्य सेवाओं से जुड़ी जानकारी तुरंत उपलब्ध कराई जाएगी।

अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इंडिगो की उड़ानों में जारी व्यवधान के बीच, प्रभावित यात्रियों को हर संभव सहायता और सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पैसेंजर के लिए हेल्पलाइन नंबर

इंडिगोः 92899 38532
एअर इंडियाः 8800197833 / 0172-2242201
एअर इंडिया एक्सप्रेसः 92055 08549
एलायंस एअरः 98184 28648
DTM: 95010 15832

# वार्डबंदी के लिए आबादी के सर्वेक्षण का काम जारी

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

मोहाली कॉरपोरेशन की हदबंदी में किए गए विस्तार का भले ही निगम में शामिल किए गए गांवों द्वारा विरोध किया जा रहा है, परंतु नगर निगम द्वारा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए वार्डबंदी का काम शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में नगर निगम के कमिश्नर द्वारा बीते 3 दिसंबर को सार्वजनिक सूचना भी जारी की गई है, जिसमें कहा गया है कि म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन एस.ए.एस. नगर की हदों में विस्तार होने के कारण म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन के चुनावों से पहले वार्डबंदी की जानी है और इस मकसद के लिए बी.एल.ओ. घर-घर जाकर घर में रहने वाले प्राणियों, वोटरों और उनकी कैटेगरी का विवरण इकट्ठा करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम द्वारा बी.एल.ओ. (ब्लॉक लेवल अधिकारी) से नगर निगम के अधीन आने वाले क्षेत्र में आबादी सर्वेक्षण का काम शुरू करवाया जा चुका है।

इस संबंध में निवासियों से कहा गया है कि वे बी.एल.ओ. का सरकारी पहचान पत्र देखकर उन्हें विवरण इकट्ठा करने में पूरा सहयोग करें और बी.एल.ओ. को सही विवरण दें ताकि शहर निवासी अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का उपयोग कर सकें। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबादी के सर्वेक्षण का काम आगामी दिनों में पूरा हो जाएगा और उसके बाद वार्डबंदी का काम शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान अलग-अलग वर्गों की आबादी के अनुपात के अनुसार समाज के अलग-अलग वर्गों के लिए आरक्षित वार्डों का भी फैसला हो जाएगा और वार्डबंदी पूरी कर ली जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार पहले के मुकाबले बड़े आकार के वार्ड बनाए जा सकते हैं और इस बात की भी संभावना है कि इस बार भी वार्डों की गिनती 50 तक ही सीमित रखी जाए। बताया जा रहा है कि इस बार कम से कम तीन हजार वोटों का एक वार्ड बनाया जाएगा, जबकि पिछली बार कुछ वार्ड ऐसे भी थे जिनमें वोटों की गिनती 2000 से भी कम थी। सूत्र बताते हैं कि सरकार द्वारा अगले दो हफ्तों में नगर निगम की प्रस्तावित वार्डबंदी का खाका जारी कर दिया जाएगा और दावे और ऐतराज मांगे जाएंगे, जिनके बाद वार्डबंदी का फाइनल नक्शा जारी हो जाएगा।

# विश्वास फाउंडेशन ने आश्रम में बांटे कंबल

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

बढ़ती ठंड को देखते हुए व सदैव मानवता की सेवा की भावना तथा समर्पण और सहयोग के उद्देश्य से विश्वास फाउंडेशन ने गुरुदेव स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से 100 गर्म कंबल ठण्ड से बचाव हेतू चण्डी कुष्ट आश्रम में रह रहे लोगों जरूरतमंदों को वितरित किए। कम्बल मिलते ही सभी के चेहरे पर राहत एवम खुशी झलक रही थी। इन बेसहारों तथा वंचितों पर सबकी नजर नहीं जा पाती।

विश्वास फाऊंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास जी के निर्देशन में यह पुण्य कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष 1500 कंबल जरूरतमंदों को बांटे जाते है। कंबल वितरण की शुरुआत चण्डी कुष्ट आश्रम से की गई।

# पुलिस ने दो शातिर चोरों को दबोचा

## 21 सिलेंडर व वारदात मे प्रयोग ऑटो बरामद

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

पंचकूला पुलिस ने शहर में पिछले कुछ समय से गैस सिलेंडरों की हो रही चोरी की वारदातों पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक सक्रिय चोरी गैंग का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर न केवल सेक्टर-10 सिराज होटल में हुई चोरी का खुलासा किया, बल्कि उनसे पूछताछ करते हुए कई अन्य मामलों का भी खुलासा हुआ है।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि सेक्टर-10 पुलिस चौकी में शिकायत मिली थी कि 23 नवंबर की रात दो अज्ञात चोरों ने सिराज होटल की बैकसाइड का ताला तोड़कर छह गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। होटल प्रबंधन द्वारा दर्ज की गई शिकायत के बाद सेक्टर-5 थाने में तुरंत चोरी का मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। चोरी के इस मामले को सुलझाने की जिम्मेदारी क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 को सौंपी गई।




पुलिस की पकड़ में चोर। - समर न्यूज़

इंचार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में बनाई गई विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 4 दिसंबर को प्रवीण सिंह पुत्र हरबंस सिंह वासी गांव सनोली, जिला मोहाली, पंजाब व आशीष मलिक पुत्र स्व. रामकर्ण मलिक वासी देवा जी सोसाइटी, किशनपुरा ढकोली जिला मोहाली, पंजाब को गिरफ्तार किया। आरोपियों की गिरफ्तारी में सब-इंस्पेक्टर रवि कुमार, एएसआई सतीश और मुख्य सिपाही सुनील की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि दोनों आरोपियों को 5 दिसंबर को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

रिमांड के दौरान पूछताछ में दोनों आरोपियों ने गैस सिलेंडर चोरी के कई मामलों में अपनी संलिप्तता कबूली। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 11 कमर्शियल गैस सिलेंडर, कई अन्य मामलों में चोरी किए गए 10 घरेलू गैस सिलेंडर, वारदात में इस्तेमाल किया गया एक ऑटो बरामद करने में सफलता पाई है।

# समागमों के आयोजन से भाईचारा बढ़ता है : कुलवंत सिंह

## फेज-3 बी टू मार्केट में आयोजित धार्मिक समागम में विधायक कुलवंत सिंह हुए शामिल

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

3 बी2 मार्केट एसोसिएशन मोहाली के अध्यक्ष अकविंदर सिंह गोसल की देखरेख में एक धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन द्वारा सर्वजन की भलाई के लिए श्री सुखमणि साहिब का पाठ करवाया गया और रागी सिंहों द्वारा किए गए कीर्तन से संगत को निहाल किया गया।

इस अवसर पर मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने स्वयं हाजिरी लगाई। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि आज धार्मिक समागम करवाकर जो खुशी प्राप्त हुई है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे समागमों का आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे आपसी भाईचारा बढ़ता है और पूरे इलाके में आपसी सहयोग व अनुशासन बना रहता है।




विधायक कुलवंत सिंह फेज 3 बी 2 मार्केट एसोसिएशन धार्मिक कार्यक्रम के दौरान माथा टेकते हुए। - समर न्यूज़

बातचीत के दौरान विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि आज पूरा माहौल अमन व शांति से भरा हुआ है। यह सब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार की वजह से ही मुमकिन हो पाया है, जिसने लोगों की पेंडिंग मांगों को हल किया है और इलाके का हर तरफ से विकास किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में मोहाली इलाके की सड़कों की मरम्मत की जा रही है और कई सड़कों के नवीनीकरण का नींव पत्थर रखा गया है।

इसके अलावा, सरकार की तरफ से खोले गए मोहल्ला क्लीनिकों में हर दिन बड़ी संख्या में मरीज़ अपनी बीमारियों का इलाज करवा रहे हैं। उनका चेकअप होता है और उन्हें इन मोहल्ला क्लीनिकों से ज़रूरी और ज़रूरी टेस्ट की सुविधा मिलती है, साथ ही दवाएँ भी मुफ़्त दी जाती हैं। आज इस कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने गुरु साहिब जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और गुरु का गुणगान सुना। इस मौके पर अकविंदर सिंह गोसल के अलावा सीनियर जनरल लीडर - कुलदीप सिंह समाना, पूर्व पार्षद - गुरमुख सिंह सोहल, पूर्व पार्षद - हरपाल सिंह चन्ना, सीनियर लीडर - राजिंदर प्रसाद शर्मा, जसपाल सिंह मटौर, हरविंदर सिंह सैनी, जतिंदरपाल सिंह ढिगरा, वरुण गुप्ता, नवदीप बंसल, तरलोचन सिंह, अशोक कुमार, जसपाल सिंह देओल, जगतार सिंह जग्गी, कुलदीप सिंह, हरमेश सिंह कुंभरा, तरलोचन सिंह मटौर, जसविंदर सिंह, अरुण गोयल, करम सिंह बाबरा भी मौजूद थे।

# शास्त्रीय मॉडल स्कूल ने किया गोल्डन जुबली कार्यक्रम



शास्त्री मॉडल स्कूल के 50 साल पूरे होने के मौके पर हुए गोल्डन जुबली फंक्शन में हिस्सा लेते विधायक कुलवंत सिंह। - समर न्यूज़

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

शास्त्री मॉडल स्कूल मोहाली के 50 साल पूरे होने के मौके पर स्कूल कॉम्प्लेक्स में गोल्डन जुबली फंक्शन का आयोजन करवाया गया। इस मौके पर मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने चीफ गेस्ट के तौर पर हिस्सा लिया। इस मौके पर विधायक कुलवंत सिंह ने पूरे स्कूल स्टाफ और मैनेजमेंट को बधाई दी। फंक्शन के बाद, अलग-अलग अचीवमेंट्स वाले स्टूडेंट्स और मेंबर्स को प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी का हिस्सा बनकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि शास्त्री मॉडल स्कूल के 50 साल पूरे होने पर मैं स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर्स को बधाई देता हूं, वहीं यहां के स्टाफ मेंबर्स भी बधाई के हकदार हैं, जो बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ एक अच्छे समाज के निर्माण में योगदान दे सकें। इसके लिए स्कूल स्टाफ भी स्टूडेंट्स को मजबूत बनाता है, इसका एक उदाहरण आज इस स्कूल के 50 साल पूरे होने के मौके पर साफ तौर पर देखा जा सकता है, विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि यह स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर्स के लिए भी खुशी और गर्व की बात है कि यहां से पढ़कर अलग-अलग एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स और ऊंचे पदों पर पहुंचे स्टूडेंट्स भी बड़ी संख्या में इस मौके पर पहुंचे हैं। इस मौके पर विधायक कुलवंत सिंह के साथ कुलदीप सिंह समाना, प्रदीप सिंह राजिंदर प्रसाद शर्मा, हरपाल सिंह चन्ना, जसपाल सिंह मटौर, तरलोचन सिंह मटौर, अरुण गोयल, हरविंदर सिंह सैनी भी मौजूद थे।

# कूड़ा जलाने से रोकने को जागरूकता का आयोजन



जागरुकता अभियान का आयोजन। - समर न्यूज़

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मोहाली द्वारा नगर काउंसिल खरड़ के कार्य साधक अधिकारी सुखदेव सिंह की अगुवाई में खरड़ के राम भवन में आम ठोस कूड़े को जलने से रोकने, सूखे और गीले ठोस कूड़े को सही ढंग से अलग करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक जागरूकता-सह-प्रशिक्षण सत्र का आयोजन नगर काउंसिल खरड़ और कुराली के अधीन आने वाले सभी सफाई सेवकों और फील्ड स्टाफ ने हिस्सा लिया। इस प्रशिक्षण सत्र में बोर्ड के एसडीओ और जेई ने ठोस-कूड़े को जलाने के सेहत पर पड़ने वाले प्रभावों और बागवानी ठोस-कूड़े को न जलाने के साथ बढ़ते वायु प्रदूषण के बारे में जागरूक किया। उन्होंने ठोस-कूड़े के प्रबंधन को यकीनी बनाने के लिए सूखे और गीले कूड़े को अलग करने के महत्व के बारे में बताया और कहा कि कूड़ा जलाने से हवा में हानिकारक तत्व फैलते हैं, जो दमा, एलर्जी और कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि सफाई सेवक इस समस्या को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान समूह सफाई सेवकों द्वारा ठोस-कूड़े को जलाने से सख्ती से बचाने, सूखे और गीले कूड़े को सही ढंग से अलग करने को यकीनी बनाने और अपने-अपने वार्डों के निवासियों को साफ और सेहतमंद वातावरण के लिए इन अभ्यासों को अपनाने के लिए प्रेरित करने का भरोसा दिया गया। इस मौके पर पंजाब प्रदूषण रोकथाम बोर्ड मोहाली के अधिकारियों के अलावा सेनेटरी इंस्पेक्टर हरदर्शनजीत सिंह, सेनेटरी इंस्पेक्टर राजिंदर कुमार, सी.एफ. नरिंदर सिंह और सुपरवाइजर बड़ी भी हाजिर थे।

# समिति चुनावों के नामांकन के में कार्यकर्ताओं ने की गई धक्केशाही

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

सीनियर कांग्रेसी नेता और खरड़ मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन राकेश चंद शर्मा मच्छली कलां ने कहा है कि राज्य में ब्लॉक समिति और जिला परिषद चुनावों के नामांकन पत्र भरने के समय आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई गुंडागर्दी ने यह बात साबित कर दी है कि आम आदमी पार्टी मनीष सिसौदिया की साम दाम दंड भेद वाली नीति पर चलकर हर हाल में चुनाव जीतना चाहती है। नामांकन के समय विरोधी उम्मीदवारों के साथ आप कार्यकर्ताओं द्वारा की गई धक्केशाही ने बिहार और यू.पी. को भी मात दे दी। उन्होंने दोष लगाया कि पूरे पंजाब में पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बन कर आप कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी को देखता रहा, जिसके कारण कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को अपने कागज दाखिल करने में बहुत मुश्किल हुई।



राकेश चंद शर्मा - समर न्यूज़

उन्होंने एक आप विधायक द्वारा पगड़ी के संबंध में की गई टिप्पणियों को बहुत शर्मनाक बात कहते हुए कहा कि दस्तार पंजाबियों की शान है और पगड़ियों को उछालने की बातें करने वालों को पंजाब के लोग चुनावों में अच्छा सबक सिखाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर भगवंत मान ने केवल बयानबाजी और ड्रामेबाजी के अलावा जमीनी स्तर पर और लोगों के भले तथा राज्य के विकास के लिए काम किया होता तो आज आप कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के लिए विरोधियों के कागज फाड़कर भागने की जरूरत नहीं पड़ती

# राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय सत्र 2026 की प्रवेश परीक्षा संपन्न



मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय, देहरादून में जुलाई 2026 से शुरू होने वाले सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा आज राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, सेक्टर-14 में निष्पक्ष, सुचारू और पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई। इस परीक्षा में हरियाणा राज्य के 244 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए हरियाणा सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय, देहरादून की स्थापना वर्ष 1922 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय लड़कों और लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण समग्र शिक्षा प्रदान करना है, ताकि यह संस्थान भारतीय सेना के लिए अधिक से अधिक अधिकारी तैयार कर सके। भारत को स्वतंत्रता प्राप्त होने के बाद यह महाविद्यालय नेतृत्व का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है, जहां से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़गवासला; अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई; और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून जैसी प्रमुख संस्थाओं की स्थापना को दिशा मिली।

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय, देहरादून में 11 से 18 वर्ष की आयु के छात्र-छात्राओं को सार्वजनिक स्कूल स्तर की शिक्षा प्रदान की जाती है।

उद्घाटन

**नायब सिंह सैनी ने स्टूडेंटस साईंस एंड टैक्नोलॉजी विलेज का किया उद्घाटन**

# हरियाणा को विज्ञान आधारित विकास का अग्रदूत बनाने का लक्ष्य : सीएम नायब सिंह सैनी

समर न्यूज़ | पंचकूला

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विज्ञान तभी सार्थक होता है जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि वे प्रयोगशालाओं में होने वाले अनुसंधान को खेतों, उद्योगों और आम जीवन में ले जाकर वास्तविक परिवर्तन सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री रविवार को सेक्टर-5 में आयोजित चार दिवसीय 11वें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

समारोह में मुख्यमंत्री ने स्टूडेंट्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी विलेज का उद्घाटन किया, जिसे आधुनिक भारत का 'नया नालंदा' कहा जा रहा है। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और नवीनतम तकनीकों में गहरी रुचि दिखाई। सैनी ने कहा कि युवाओं, छात्रों और वैज्ञानिकों की नई पीढ़ी ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मुख्य भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान करियर नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। उन्होंने वैज्ञानिकों, शोध संस्थानों, स्टार्ट-अप्स और उद्योग जगत से कहा कि सभी मिलकर विज्ञान आधारित विकास मॉडल तैयार करें, जो हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण जीवन दे और भारत को वैश्विक नेतृत्व के पथ पर आगे ले जाए।

सैनी ने कहा कि हरियाणा को दूसरी बार साइंस फेस्टिवल की मेजबानी मिलना गर्व की बात है। इस 'विज्ञान महाकुंभ' में देश-विदेश के 40 हजार से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तर-पश्चिमी राज्यों के युवाओं पर फोकस किया गया है ताकि देश का हर क्षेत्र वैज्ञानिक प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ सके।




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला में आयोजित 11वें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल-2025 के दौरान समूह चित्र में। - समर न्यूज़

उन्होंने कहा कि यह फेस्टिवल विज्ञान, नवाचार, स्टार्ट-अप ऊर्जा और भविष्य की तकनीकों का संगम है। इसका थीम 'आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान से समृद्धि' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भारत आज क्वांटम टेक्नोलॉजी, एआई, डीप-टेक, ड्रोन और अंतरिक्ष अनुसंधान में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा कृषि प्रधान राज्य होते हुए भी विज्ञान और नवाचार का प्रमुख केंद्र बन रहा है। सरकार स्टेम शिक्षा, एआई-रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा, एग्रीटेक, बायोटेक और स्पेस टेक्नोलॉजी को प्राथमिकता दे रही है।

गुरुग्राम, फरीदाबाद, पंचकूला और हिसार आईटी व अनुसंधान हब के रूप में उभर रहे हैं। करनाल, हिसार और रोहतक कृषि प्रौद्योगिकी एवं जलवायु सेवाओं के बड़े केंद्र बन चुके हैं।

कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में विकसित 'महाभारत आधारित अनुभव केंद्र' विज्ञान पर्यटन को नई दिशा दे रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में विज्ञान प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति योजना के तहत 11वीं-12वीं के 1,500 विद्यार्थियों को 1,000 रुपये मासिक, स्नातक वर्ग को 4,000 रुपये और परास्नातक छात्रों को 6,000 रुपये मासिक छात्रवृत्ति दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में भाग लेने व पदक जीतने वाले छात्रों को 5 लाख रुपये तक पुरस्कार दिया जाता है। जूनियर साइंस ओलंपियाड के स्वर्ण पदक विजेताओं को 2.50 लाख रुपये तक सम्मान राशि दी जाती है।

सरकार युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए हर वर्ष 40 वर्ष से अधिक आयु के दो वैज्ञानिकों को 'हरियाणा विज्ञान रत्न' और 40 वर्ष से कम आयु के दो वैज्ञानिकों को 'हरियाणा युवा विज्ञान रत्न' पुरस्कार प्रदान करती है।

कार्यक्रम में सचिव डीबीटी डॉ. राजेश गोखले, संयुक्त सचिव (पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय) डी.एस. पांडियान, विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिव कुमार शर्मा, महासचिव विवेकानंद पाई सहित देशभर से वैज्ञानिक, शोधार्थी, उद्योग प्रतिनिधि और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एक ऐसा मंदिर जहां आज भी ब्रह्मचारी रूप में तपस्या कर रहे हैं भगवान शिव



**पथानामथिट्टा**। देशभर में कई अलग-अलग तीर्थ स्थल मौजूद हैं, जहां दर्शन मात्र से ही जीवन की सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं। सबसे बड़े तीर्थस्थलों में से एक सबरीमाला मंदिर काफी प्रसिद्ध है। यह मंदिर अपनी दीक्षा और कठोर तपस्या के लिए प्रसिद्ध है। यहां 41-दिवसीय व्रत (दीक्षा) होता है, जहां दीक्षा लेने वाले भक्त को 41 दिनों तक सात्विक भोजन, कठोर पहाड़ी यात्रा और ब्रह्मचर्य का पालन करना पड़ता है। केरल में स्थापित सबरीमाला मंदिर का ब्रह्मचर्य पालन से गहरा नाता है। इस मंदिर में विराजमान भगवान अयप्पा आज भी मंदिर में बैठकर तपस्या में लीन हैं। पौराणिक कथाओं की मानें तो भगवान अयप्पा भगवान शिव और विष्णु के मोहिनी अवतार के पुत्र हैं। उन्हें हरिहर पुत्र के नाम से भी जाना जाता है। अयप्पा एकमात्र ऐसे भगवान हैं, जिनमें शिव और विष्णु का अंश देखने को मिलता है। भगवान अयप्पा में दो शक्तियां निहित होने की वजह से उन्हें शांति और युद्ध दोनों का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि राक्षसी महिषी का वध करने के बाद भगवान अयप्पा ने सब कुछ त्याग कर ब्रह्मचार्य का पालन करने का प्रण लिया और जंगलों में कठोर तपस्या की थी। भगवान अयप्पा के ब्रह्मचारी होने की वजह से ही मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं का आना वर्जित था। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद महिलाओं को भी भगवान अयप्पा के दर्शन का अधिकार मिला। सबरीमाला मंदिर को दक्षिण का तीर्थस्थल भी कहा जाता है। इस मंदिर में आने वाले की धर्म, जाति और वर्ग मायने नहीं रखता है। किसी भी वर्ग और जाति का पुरुष मंदिर में दीक्षा ले सकता है। मंदिर में सिर्फ भगवान अयप्पा के दर्शन से आशीर्वाद नहीं मिलता। माना जाता है कि शारीरिक और मानसिक तपस्या के बाद ही भगवान अयप्पा प्रसन्न होकर भक्त को आशीर्वाद देते हैं। मंदिर तपस्या और आस्था दोनों पर आधारित है। सबरीमाला मंदिर में मकर संक्रांति के अंत में एक रहस्यमयी ज्योति भी जलाई जाती है, जिसके दर्शन के लिए लाखों की संख्या में भक्त मंदिर पहुंचते हैं। इस उत्सव को मकरविलक्कु कहते हैं। मकरविलक्कु उत्सव में पहाड़ी पर ज्योत जलाने के बाद भगवान अयप्पा के लिए जुलूस भी निकाला जाता है।

### गौडगेरे चामुंडेश्वरी मंदिर

# बुरी नजर और काला जादू से छुटकारा पाने आते हैं भक्त



**रामनगरम**। देश भर में मां भगवती के अलग-अलग रूपों के शक्तिपीठ और सिद्धपीठ स्थित हैं, जो अपनी अलग-अलग मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध हैं। कर्नाटक के रामनगरम जिले में मां भगवती का ऐसा मंदिर मौजूद है, जहां बुरी नजर और टोने-टोटके से बचने के लिए भक्त भारत के हर कोने से आते हैं।

मां चामुंडेश्वरी का यह मंदिर कई रहस्यों से भरा है। कर्नाटक के रामनगरम जिले के चन्नापटना तालुक के गौडगेरे गांव में देवी चामुंडेश्वरी को समर्पित मां गौडगेरे चामुंडेश्वरी मंदिर है।

मंदिर में अचंभित कर देने वाले कई रहस्य हैं।

मंदिर के प्रवेश द्वार पर देवी चामुंडेश्वरी की 60 फुट ऊंची पंच धातुओं की मूर्ति बनी है, जिसमें मां की 18 भुजाएं हैं और सभी में अस्त्र-शस्त्र मौजूद हैं। यह प्रतिमा भक्तों के बीच आकर्षण का बड़ा केंद्र है, लेकिन असली रहस्य मूल मंदिर के गर्भगृह में छिपा है, जहां मां की प्राचीन प्रतिमा विराजमान है। माना जाता है कि अगर किसी पर काला जादू-टोना हुआ है या बुरी नजर से परेशान है, तो मंदिर में मां चामुंडेश्वरी के सामने नमक चढ़ाने से सारी बला दूर हो जाती है। भक्त मंदिर के परिसर में मां के नाम से प्रसाद स्वरूप नमक चढ़ाते हैं। इतना ही नहीं, खास मनोकामना को पूरा कराने के लिए मंदिर में भेंट स्वरूप नारियल भी बांधा जाता है और कर्ज से मुक्ति के लिए एक चमत्कारी पत्थर पर सिक्का भी चिपकाया जाता है। कर्ज मुक्ति के लिए भक्त मंदिर में आकर अनुष्ठान भी कराते हैं।

मंदिर में एक नंदी महाराज भी रहते हैं।

माना जाता है कि जिस किसी को भी नंदी महाराज का आशीर्वाद मिलता है, उसके सारे दुख दूर हो जाते हैं। भक्त नंदी महाराज के पैरों में लेटकर आशीर्वाद लेते हैं। माना जाता है कि मां के दर्शन के बाद नंदी महाराज के दर्शन करना जरूरी है।

नंदी महाराज मंदिर में गर्भगृह में आकर पहले मां चामुंडेश्वरी का आशीर्वाद लेते हैं और फिर भक्तों को दर्शन देते हैं। नंदी महाराज के साथ हमेशा एक शख्स रहता है, जो उन्हें नोटों से सजाता है।

मंदिर को लेकर पौराणिक कथा भी प्रचलित है।

माना जाता है कि वर्षों पहले एक किसान को अपने खेत में मां चामुंडेश्वरी की स्वयंभू प्रतिमा मिली थी। किसान को मां ने स्वप्न में दर्शन देकर मंदिर बनाने का आदेश दिया था।

# 2 हजार साल से भी पुराना है मीनाक्षी देवी का यह भव्य मंदिर

### रहस्यमयी रूप में विराजमान हैं माता

**मदुरै**। भारत के कोने-कोने में ऐसे मंदिर स्थित हैं, जिन्हें देखकर मुंह से बरबस निकल पड़ता है अद्भुत, अकल्पनीय, अति सुंदर। तमिलनाडु के मदुरै में स्थित श्री मीनाक्षी अम्मन मंदिर भी कुछ ऐसा ही है। 2 हजार साल से भी पुराने मंदिर में माता पार्वती का रहस्यमयी रूप देखने को मिलता है। श्री मीनाक्षी अम्मन मंदिर कोई साधारण मंदिर नहीं है, यह जीता-जागता इतिहास है, प्रेम का महाकाव्य है और द्रविड़ वास्तुकला का मुकुट है। मंदिर में साल भर बड़ी संख्या में भक्त माता पार्वतीके दर्शन को आते हैं। तमिलनाडु पर्यटन विभाग के ऑफिशियल वेबसाइट पर मीनाक्षी अम्मन मंदिर के बारे में विस्तार से जानकारी मिलती है। तमिलनाडु के साथ ही देश के मुख्य मंदिरों में श्री मीनाक्षी अम्मन मंदिर की गिनती होती है। यह मंदिर देवी मीनाक्षी और भगवान सुन्दरेश्वर (शिव) को समर्पित है और 2000 साल से भी अधिक पुराना माना जाता है। धार्मिक पुस्तकों में इसका जिक्र मिलता है।



मान्यता है कि मदुरै यात्रा के दौरान देवराज इंद्र को यहां एक स्वयंभू शिवलिंग मिला था, जिसे उन्होंने स्थापित किया था। साल 1310 में यह मंदिर पूरी तरह नष्ट हो गया था, लेकिन 14वीं सदी में इसे फिर से भव्य रूप दिया गया। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसके 14 विशाल गोपुरम (टावर) हैं, जो लगभग 50 मीटर ऊंचे हैं और इन पर हजारों रंग-बिरंगी मूर्तियां उकेरी गई हैं।

मंदिर में 1000 खंभों वाला एक हॉल है, जिसमें कुछ खंभे छूने पर संगीत की ध्वनि निकालते हैं, जिन्हें म्यूजिकल पिलर भी कहा जाता है। मंदिर परिसर के बीच में एक बड़ा पवित्र तालाब है और दीवारों पर सुंदर चित्र बने हैं, जो भगवान शिव की 64 लीलाओं की कहानियों का वर्णन करते हैं। मीनाक्षी देवी की आंखें मीन के समान हैं। हर साल अप्रैल-मई में चिथिरई ब्रह्मोत्सव में देवी मीनाक्षी और सुन्दरेश्वर का दिव्य विवाह का आयोजन होता है, जिसे देखने के लिए प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में आते हैं। नवरात्रि, अवनी मूलम और मासी मंडला जैसे त्योहार भी धूमधाम से मनाए जाते हैं।

मंदिर में एक म्यूजियम भी है जिसमें पुरानी मूर्तियां, सिक्के, चित्र और शक्ति के आठ रूपों की मूर्तियां भी रखी हैं। अब सवाल है कि मंदिर कैसे पहुंचे, तो मदुरै एयरपोर्ट पहुंचने के बाद मीनाक्षी मंदिर के लिए आप टैक्सी या कैब बुक कर सकते हैं। वहीं, मदुरै रेलवे स्टेशन सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन है।

# भारत ने साउथ अफ्रीका को 9 विकेट से रौंदा



**विशाखापत्तनम**। भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले को 9 विकेट से जीता। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी साउथ अफ्रीकी टीम 47.5 ओवरों में महज 270 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम को पांचवीं गेंद पर ही रयान रिकेल्टन (0) के रूप में शुरुआती झटका लगा। इसके बाद क्विंटन डी कॉक ने कप्तान टेंबा बावुमा के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 रन जोड़ते हुए टीम को संभाला। बावुमा 48 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

यहां से क्विंटन डी कॉक ने मैथ्यू ब्रीत्जके के साथ तीसरे विकेट के लिए 54 रन जोड़ते हुए टीम को 168 रन तक पहुंचाया। ब्रीत्जके ने साउथ अफ्रीका के खाते में 24 रन का योगदान दिया। उनके अलावा, देवाल्ड ब्रेविस ने 29 रन जुटाए।

भारत की तरफ से प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव ने 4-4 विकेट निकाले। इनके अलावा, अर्शदीप सिंह और रवींद्र जडेजा ने 1-1 विकेट हासिल किया।

इसके जवाब में भारत ने 39.5 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। भारत को रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई।

दोनों खिलाड़ियों ने 25.5 ओवरों मे पहले विकेट के लिए 155 रन जोड़े। रोहित 73 गेंदों में 3 छक्कों और 7 चौकों के साथ 75 रन बनाकर आउट हुए।

यहां से विराट कोहली ने यशस्वी जायसवाल के साथ मोर्चा संभालते हुए टीम को जीत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरे विकेट के लिए 84 गेंदों में 116 रन की अटूट साझेदारी हुई।

यशस्वी जायसवाल ने अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाते हुए 121 गेंदों में 2 छक्कों और 12 चौकों के साथ नाबाद 116 रन बनाए, जबकि विराट कोहली ने 45 गेंदों में 3 छक्कों और 6 चौकों के साथ नाबाद 65 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका की तरफ से एकमात्र सफलता केशव महाराज के हाथ लगी।

# तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले छठे भारतीय बने यशस्वी



**विशाखापत्तनम**। अपने वनडे करियर के चौथे ही मुकाबले में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने साउथ अफ्रीका के विरुद्ध तीसरे वनडे मुकाबले में शतकीय पारी खेली, जिसके साथ वह तीनों फॉर्मेट में शतक जमाने वाले छठे भारतीय बन गए हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट फॉर्मेट में 7 शतक जमाए हैं, जबकि टी20 क्रिकेट में उनके नाम 1 शतक दर्ज है। यशस्वी जायसवाल से पहले सुरेश रैना, रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली और शुभमन गिल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में अपना नाम शामिल करवा चुके थे।

यशस्वी जायसवाल ने एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में 121 गेंदों का सामना किया, जिसमें 2 छक्कों और 12 चौकों के साथ 116 रन की नाबाद पारी खेली। इस दौरान उन्होंने रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 155 रन जुटाए, जबकि विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 116 रन की अटूट साझेदारी की।

यशस्वी जायसवाल की इस शानदार पारी के दम पर भारत ने तीसरे वनडे मुकाबले को 9 विकेट से जीतकर तीन मुकाबलों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। मुकाबले में टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम 47.5 ओवरों में 270 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम के लिए क्विंटन डी कॉक ने 89 गेंदों में 6 छक्कों और 8 चौकों के साथ सर्वाधिक 106 रन बनाए। भारत की तरफ से प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव ने 4-4 विकेट निकाले।

इसके जवाब में भारत ने सिर्फ 39.5 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया, जबकि रोहित शर्मा ने 73 गेंदों में 10 बाउंड्री के साथ 75 रन की पारी खेली। इनके अलावा, विराट कोहली ने 45 गेंदों में नाबाद 65 रन बनाए।

भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ रांची में खेले गए पहले वनडे मैच को 17 विकेट से जीता था, जिसके बाद साउथ अफ्रीका ने रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे मैच को 4 विकेट से अपने नाम करते हुए सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली थी। ऐसे में तीसरा वनडे मैच निर्णायक बन गया था।

# सीएम ने सिमू दास को सौंपा 10 लाख का चेक



**गुवाहाटी**। भारत की ब्लाइंड क्रिकेट स्टार सिमू दास को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इसी के साथ उन्होंने विश्व कप विजेता खिलाड़ी को सरकारी नौकरी का वादा भी किया। सिमू, बी1 (पूरी तरह से ब्लाइंड) कैटेगरी की क्रिकेटर हैं, जिन्होंने ब्लाइंड महिला टी20 विश्व कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। सिमू जन्म से ही नेत्रहीन हैं। कच्चे मकान में सिमू का बचपन बेहद मुश्किल हालात में गुजरा। सिमू की तरह उनका भाई भी देखने में सक्षम नहीं है। ऐसे मुश्किल हालात में मां ने पूरे परिवार की जिम्मेदारी उठाई। उन्होंने बेटी को तमाम चुनौतियों से लड़ना सिखाया। पक्के इरादे के साथ सिमू ने न सिर्फ भारत की तरफ से खेलने का अपना सपना पूरा किया, बल्कि आज वह एक विश्व कप विजेता भी हैं।

क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) और सपोर्टनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड ने इस बड़े फैसले के लिए असम सरकार और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का शुक्रिया अदा किया है।

क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया के अध्यक्ष डॉ. जीके महंतेश ने कहा, "यह न सिर्फ सिमू की प्रतिभा और लगन का इनाम है, बल्कि भारत में ब्लाइंड क्रिकेट के लिए एक टर्निंग प्वाइंट भी है। माननीय मुख्यमंत्री की सबको साथ लेकर चलने की प्रतिबद्धता पूरे देश को एक मजबूत संदेश देती है। हम इस बदलाव लाने वाले काम के लिए बहुत शुक्रगुजार हैं, जो अनगिनत दृष्टिबाधित लड़कियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगा।"

सिमू दास ने कहा, "यह मेरी जिंदगी का सबसे भावुक दिन है। मैं एक ऐसे परिवार से हूं, जिसने हर चीज के लिए जद्दोजहद किया है। सरकारी नौकरी की घोषणा और माननीय मुख्यमंत्री से मिले इस सम्मान ने मुझे एक नई जिंदगी और एक नई पहचान दी है। मैं उनका दिल से शुक्रिया अदा करती हूं। मैं माननीय प्रधानमंत्री के प्रति भी अपना सम्मान जताती हूं, जिनके नेतृत्व में मुझ जैसे लाखों लोगों को अपने हालात से ऊपर उठने की उम्मीद मिली है। मैं क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया और समर्थनम ट्रस्ट को भी धन्यवाद देना चाहती

# कोहली परिवार संग सिंहाचलम मंदिर पहुंचे



**विशाखापट्टनम**। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने रविवार को परिवार सहित प्रसिद्ध सिंहाचलम मंदिर में दर्शन किए। उनके साथ भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर भी मौजूद थे। सोशल मीडिया पर सामने आए 2 मिनट 36 सेकंड के वीडियो में कोहली मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक 'कप्पस्थम्भम अलिंगनम' यानी पवित्र स्तंभ को गले लगाने वाले विशेष अनुष्ठान में हिस्सा लिया। मंदिर प्रशासन ने बताया कि कोहली अपने पूरे परिवार के साथ दर्शन के लिए पहुंचे थे, हालांकि वीडियो और तस्वीरों में अनुष्का शर्मा और उनके बच्चे नजर नहीं आए। कोहली हाल ही में संपन्न दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने दो शतकों की बदौलत 151.00 की औसत से 302 रन बनाए। अंतिम मैच में कोहली ने नाबाद 66 रन बनाकर भारत को 9 विकेट से जीत दिलाई। दर्शन के बाद पुजारियों ने कोहली और सुंदर के लिए विशेष वैदिक मंत्रोच्चारण किया। नादस्वरम की धुन के बीच वेद आशीर्वाद प्रदान किया गया। मंदिर की ओर से दोनों खिलाड़ियों को पवित्र वस्त्र, प्रसाद और भगवान का चित्र स्मृति स्वरूप भेंट किया गया। कोहली की मंदिर यात्रा सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जहां फैंस उन्हें पारंपरिक और आस्था से जुड़ा देखकर सराहना कर रहे हैं।

# दांतों में तेज झनझनाहट और दर्द, इन घरेलू नुस्खों से मिलेगा छुटकारा



का दर्द उन परेशानियों में से है, जो भले दिखाई न दे, लेकिन परेशानी बढ़ा देता है। खाना खाते वक्त झनझनाहट, ठंडा-गर्म का एहसास, या काम के बीच अचानक चुभन, ये सब मिलकर दिनचर्या पर प्रभाव डालते हैं। आयुर्वेद मानता है कि दांतों का स्वास्थ्य सिर्फ मुंह तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे शरीर की 'अग्नि' और 'वात-पित्त-कफ' के संतुलन से जुड़ा है। वहीं आधुनिक विज्ञान कहता है कि बैक्टीरिया, इंफेक्शन, मसूड़ों की सूजन और इनेमल डैमेज दांत दर्द के मुख्य कारक होते हैं। अगर घर में ही मौजूद कई चीजों का इस्तेमाल किया जाए, तो दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है।

**लौंग का तेल**: दांत दर्द के घरेलू उपचारों में लौंग का तेल फर्स्ट एड की तरह काम करता है। आयुर्वेद में इसे दांत के दर्द कम करने वाली औषधि कहा गया है। लौंग में मौजूद यूजेनॉल दांत की नसों पर हल्की सुन्नता लाकर दर्द की तीव्रता को घटाता है। जब इसे रुई में लगाकर प्रभावित हिस्से पर रखा जाता है, तो यह मसूड़ों में सूजन फैलाने वाले एंजाइम को शांत करता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि यूजेनॉल बैक्टीरिया की वृद्धि को रोकता है, जिससे इंफेक्शन फैलने की संभावना कम होती है और दर्द धीरे-धीरे कम होने लगता है।

**नमक का पानी**: दांत के दर्द में नमक के पानी से कुल्ला करना बेहद प्रभावी प्रक्रिया है। गुनगुना नमक वाला पानी दांतों और मसूड़ों के अंदर मौजूद सूक्ष्म जीवों पर ऑस्मोटिक प्रेशर बनाता है, जिससे बैक्टीरिया डिहाइड्रेट होकर कमजोर पड़ते हैं। इसके साथ यह मसूड़ों की सतह पर जमा गंदगी और प्लाक को ढीला करता है, जिससे दर्द पैदा करने वाली जलन कम होती है। यह कुल्ला मसूड़ों के ऊतकों में रक्त प्रवाह बढ़ाकर हीलिंग भी तेज करता है, जिससे शुरुआती सूजन में काफी राहत मिलती है।

**लहसुन का पेस्ट** : दांत दर्द में लहसुन का पेस्ट तेजी से असर करता है। लहसुन की एक कली को पीसने पर उसमें मौजूद एलिसिन सक्रिय हो जाता है, जो बैक्टीरिया की सेल वॉल को तोड़कर उन्हें निष्क्रिय करता है।

यह प्रक्रिया दर्द को फैलने से रोकती है और पहले से मौजूद सूजन को भी कम करती है। जब यह पेस्ट दर्द वाली जगह पर लगता है, तो इसकी गर्म प्रकृति वहां के रक्त संचार को बढ़ाती है और नसों में तनाव को कम करती है।

**प्याज का रस** : दांत दर्द में प्याज का रस अप्रत्याशित रूप से मददगार है। प्याज में सल्फर कंपाउंड्स होते हैं, जो मुंह में मौजूद हानिकारक माइक्रोब्स के चक्र को रोकते हैं। जब ताजा प्याज का छोटा टुकड़ा धीरे-धीरे चबाया जाता है, तो उसका रस दांतों की जड़ों तक पहुंचकर वहां मौजूद संक्रमण के स्तर को नियंत्रित करता है। यह प्रक्रिया दर्द को बढ़ाने वाले केमिकल्स को शांत करती है और मसूड़ों की अंदरूनी सूजन को कम करती है।

**गुड़हल की पत्तियां**: दांत दर्द के आयुर्वेदिक उपचारों में गुड़हल की पत्तियों का भी जिक्र है। ये पत्तियां मसूड़ों की लालिमा और इंफेक्शन को कम करने में मदद करती हैं क्योंकि इनमें प्राकृतिक एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं। जब पत्तियों का पेस्ट मसूड़ों पर लगता है, तो यह उनकी सूजन को शांत करता है और ऊतकों को नरमी देकर हीलिंग प्रोसेस को तेज करता है।

**हल्दी का पेस्ट**: दांतों की सूजन में विशेष रूप से हल्दी के पेस्ट को लाभकारी माना गया है। हल्दी का करक्यूमिन मसूड़ों में मौजूद इंफ्लेमेटरी प्रोटीन को ब्लॉक करता है और बैक्टीरिया की वृद्धि को रोकता है। यह पेस्ट जब प्रभावित क्षेत्र पर लगाया जाता है, तो यह दर्द, गर्मी और जलन को एक साथ काम करता है, जिससे कुछ ही मिनटों में आराम महसूस होने लगता है।

# वीआईपी लाइन से गुजरने से मना करने पर कार सवार युवकों ने चलाई गोलियां, टोल कर्मियों ने भागकर बचाई जान

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़







लुधियाना के सबसे महंगे लाडोवाल टोल प्लाज़ा पर शनिवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बड़ी गाड़ी में सवार व्यक्तियों ने टोल कर्मियों पर गोलियां चला दीं। यह घटना उस समय हुई, जब गाड़ी में बैठे लोग वीआईपी लेन से बिना शुल्क चुकाए निकलना चाहते थे। गनीमत यह रही कि किसी कर्मचारी को गोली नहीं लगी, परंतु वारदात से टोल कर्मियों में दहशत फैल गई।

जानकारी के अनुसार, घटना रात लगभग साढ़े दस बजे की है। टोल कर्मी कुलजीत सिंह ने बताया कि लुधियाना की ओर से आई एक बड़ी गाड़ी वीआईपी लाइन में आकर रुकी। गाड़ी में सात से आठ युवक बैठे थे। वे बिना शुल्क दिए गाड़ी निकालने की जिद कर रहे थे। जब उनसे वीआईपी कार्ड या कोई पहचान पत्र दिखाने को कहा गया, तो गाड़ी सवार व्यक्ति खुद को किसी विभाग का "चेयरमैन" बताने लगे। टोल कर्मियों ने नियमों के अनुसार पहचान पत्र दिखाने पर ही मार्ग खोलने की बात कही।

इसी बात पर गाड़ी सवार लोग गुस्से में आ गए। पहले उन्होंने टोल कर्मियों से तू-तू, मैं-मैं की और देखते ही देखते मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर हमलावरों ने अचानक हथियार निकाल लिए और टोल कर्मियों पर सीधी गोलियां चलानी शुरू कर दीं। कुलजीत सिंह के अनुसार, आरोपियों ने चार से पाँच गोली चलायीं। गोली चलने की आवाज सुनकर कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए बूथों की ओर भागे।

अन्य बूथों पर बैठे कर्मचारी भी बाहर निकल आए। कर्मचारियों की संख्या बढ़ती देख गाड़ी सवार घबरा गए और गाड़ी मोड़कर साउथ सिटी पुल की दिशा में फरार हो गए। पूरी घटना टोल प्लाज़ा पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

वारदात के तुरंत बाद टोल कर्मियों ने पुलिस को सूचना दी। थाना लाडोवाल की प्रभारी गुरशिंदर कौर ने बताया कि शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस पार्टी देर रात में ही टोल प्लाज़ा पर पहुँची। पुलिस ने कैमरों की रिकॉर्डिंग अपने कब्जे में ले ली है और टोल कर्मियों के बयान भी लिए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि गाड़ी तथा उसमें बैठे व्यक्तियों की पहचान की प्रक्रिया जारी है तथा सभी तथ्यों की पुष्टि होने के बाद शीघ्र ही मामला दर्ज किया जाएगा।

लाडोवाल टोल जैसे महत्वपूर्ण मार्ग पर हुई इस गोलीबारी ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अब आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

# लुधियाना में बड़ा फर्जीवाड़ाः पति-पत्नी ने बनाई फर्जी कंपनियां

## होजरी कारोबारियों से 1.12 करोड़ की ठगी

सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में पति-पत्नी की एक शातिर जोड़ी द्वारा किया गया बड़ा आर्थिक घोटाला सामने आया है। आरोप है कि हैबोवाल के न्यू आत्म नगर निवासी नितिन पारती और उसकी पत्नी मोनिका पारती ने कई फर्जी कंपनियां बनाकर शहर के कई होजरी कारोबारियों से कुल 1.12 करोड़ रुपए हड़प लिए। मामला तब खुला जब पाँच अलग-अलग होजरी व्यापारियों ने पुलिस से संपर्क कर शिकायतें दर्ज कराईं। अमित थापर नामक पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को बताया कि जुलाई 2024 में आरोपियों ने उनसे संपर्क किया। शुरू में उन्होंने कुछ माल लेकर तुरंत भुगतान कर विश्वास जीत लिया। बाद में 61 लाख रुपए का होजरी सामान उठाया और भुगतान नहीं किया। एक अन्य व्यापारी हरजिंदर सिंह ने बताया कि उनसे 11 लाख रुपए की ठगी हुई, जबकि नविता जैन से 20 लाख रुपए, बलदेव राज मल्होत्रा से 12.50 लाख रुपए और मनोज शर्मा से 8 लाख रुपए की रकम हड़पी गई। मनोज शर्मा ने आरोपियों के खिलाफ अदालत में भी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ितों का आरोप है कि जब उन्होंने अपना पैसा वापस मांगना शुरू किया, तो नितिन और मोनिका ने उन्हें छेड़छाड़ और आत्महत्या के लिए उकसाने जैसे गंभीर मामलों में झूठा फँसाने की धमकी दी। दर्ज एफआईआर में यह भी उल्लेख है कि आरोपियों के खिलाफ पहले से ही फिल्लौर थाने में भी मामला दर्ज है। जांच अधिकारी एएसआई सुखविंदर सिंह ने बताया कि विस्तृत जांच के बाद दंपती के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318, 351 और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# नशेड़ियों की सनक : घर के बाहर वाहन फूंके

## आग घर तक पहुंची, 14 सदस्य भागकर बचे, CCTV में कैद वारदात



अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के थाना डिवीजन नंबर 2 के अधीन जनकपुरी गली नंबर ज़ीरो में बीती रात नशेड़ियों द्वारा की गई हरकत ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। आधी रात करीब ढाई बजे नशेड़ियों ने एक घर के बाहर खड़े वाहनों को आग के हवाले कर दिया। आग इतनी भयानक थी कि उसने घर की बाहरी दीवारों और पर्दों को भी अपनी चपेट में ले लिया। सौभाग्य से पड़ोसियों की सूझबूझ से घर में सो रहे 14 लोग समय रहते बाहर निकल आए, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

**वाहनों को फूंककर भागे आरोपी** : घर के मालिक जतिंदरपाल सिंह ने बताया कि गणेश नगर इलाके में नशेड़ियों की अवैध नशा-बिक्री की दुकानें चल रही हैं। इन लोगों को कई बार रोका भी गया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। शुक्रवार रात लगभग ढाई बजे कुछ नशेड़ियों ने घर के बाहर खड़े वाहनों में आग लगा दी। सूचना पड़ोसियों ने फोन कर दी और पूरा परिवार जान बचाने के लिए बाहर भागा। जतिंदरपाल ने कहा कि इलाके की पुलिस को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। "बीती रात लगी आग से हमारा पूरा परिवार मौत के मुंह में जा सकता था," उन्होंने कहा। उनके अनुसार घर के सामने बनी कुछ दुकानों से नशा खरीदा जाता है और इन्हीं दुकानों पर पुलिस कभी कोई छापेमारी नहीं करती।

**परिवार में फैली दहशत, बुजुर्ग की हालत बिगड़ी** : अमरपाल सिंह ने बताया कि परिवार रात में गहरी नींद में था। जैसे ही आग का पता चला, गेट खोलने की कोशिश की, लेकिन अंदर के पर्दों में भी आग लग चुकी थी। पानी से आग पर काबू करने की कोशिश की गई। बाहर निकले तो वाहन पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। घर में मौजूद 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला का दम घुटने लगा और उनकी हालत बिगड़ गई। उन्होंने कहा कि इलाके के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि अब घर बदलने की नौबत आ गई है।

महिला गुरप्रीत कौर ने कहा, "अगर दो मिनट और नींद ना खुलती, तो पूरा परिवार घर के अंदर ही मर जाता। पड़ोसियों ने फोन करके जान बचाई।"

**पार्षदपति की चेतावनी** : इलाके की पार्षदपति सिमरनजीत सिम्मू ने कहा कि हालात रोज बदतर होते जा रहे हैं। "कुछ दिन पहले भी नशा बेचने वालों को हमने खुद पकड़वाया था। यदि पुलिस अब भी नशेड़ियों पर कार्रवाई नहीं करती, तो हम घरों और दुकानों की चाबियां पुलिस कमिश्नर को सौंप देंगे।

वही इलाके के लोग अब पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि नशेड़ियों के खौफ से छुटकारा मिल सके।

# बसंत आइसक्रीम रेस्टोरेंट में चोरी

## 2.50 लाख नकद और 5 मोबाइल लेकर फरार हुआ चोर



अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के फव्वारा चौक के पास स्थित प्रसिद्ध बसंत आइसक्रीम रेस्टोरेंट में शनिवार तड़के एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई। रेस्टोरेंट के मालिक चरणजीत सिंह के अनुसार एक अज्ञात युवक छत के रास्ते अंदर घुसा और मेन काउंटर का ताला तोड़कर नकदी और मोबाइल चोरी कर फरार हो गया।

मामला सुबह तब सामने आया जब कर्मचारी रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचे। उन्होंने देखा कि काउंटर का ताला टूटा हुआ है। जांच करने पर पता चला कि आरोपी 5 मोबाइल फोन और काउंटर में रखी करीब 2 लाख 50 हजार रुपये की नकदी चुराकर भाग चुका था।

**सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी** : घटना की जानकारी मिलते ही थाना डिवीजन नंबर 4 की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। फुटेज में एक लगभग 45 वर्षीय युवक नजर आ रहा है, जिसने मुंह ढक रखा है। वह छत के रास्ते नीचे उतरकर रेस्टोरेंट में घुसता है और कुछ ही मिनटों में वारदात को अंजाम देकर वापस उसी रास्ते से फरार हो जाता है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आसपास के अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपी की पहचान पुख्ता की जा सके। फिलहाल एक संदिग्ध व्यक्ति फुटेज में दिख रहा है, जिसके आधार पर आगे की जांच बढ़ाई गई है। रेस्टोरेंट मालिक का कहना है कि फव्वारा चौक दिन में भीड़भाड़ वाला इलाका होता है, लेकिन तड़के के समय अक्सर सुनसान रहता है। इसी का फायदा उठाकर चोर छत तक पहुंचा और वारदात को अंजाम दिया। हालांकि वह छत तक कैसे पहुंचा, यह पुलिस की जांच का विषय है।



ट्रैफिक पुलिस ने सप्ताहांत पर चौड़ा बाजार के प्रवेश बिंदुओं पर बैरिकेड लगाकर वाहनों की एंट्री रोकी है, उद्देश्य बाजार के भीतर भीड़-भाड़ और ग्रिडलॉक से राहत देना है। हालांकि, बाजार के बाहर रेलवे रोड, जगरौं पुल और माता रानी चौक जैसे पॉइंट्स पर डायवर्जन किए गए वाहनों के कारण जाम देखा गया। - समर न्यूज़/फोटो लक्की भट्टी







लुधियाना की सड़कों पर बिना नियमों के दौड़ते ओवरलोड ऑटो और कमर्शियल वाहन सड़क सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं, जिन पर ट्रैफिक विंग सख्त कार्रवाई की बात कह चुका है। ऐसे मामलों की सूचना तुरंत ट्रैफिक हेल्पलाइन 1073 या 112 पर दी जा सकती है। शहर के प्रमुख मार्गों पर ओवरलोड और अनियमित कमर्शियल वाहन सड़क सुरक्षा नियमों की खुलेआम उल्लंघना कर रहे हैं, जिससे हादसों का जोखिम बढ़ रहा है।

ओवरलोडिंग और नियम उल्लंघन पर मोटर वाहन कानून के तहत भारी जुर्माने और कड़ी दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है, जिसे हाल के कड़े नियमों में और सख्त किया गया है।

- समर न्यूज़
-फोटो लक्की भट्टी

# खजाना कार्यालयों में पेंशनर सेवा मेला–2 सफलतापूर्वक संपन्न

समर न्यूज़ | लुधियाना

वित्त विभाग, पंजाब के निर्देशानुसार जिला खजाना कार्यालय लुधियाना में 'पेंशनर सेवा मेला–2' का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की ई–केवाईसी और डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की प्रक्रिया पूरी की गई। जिला खजाना अधिकारी उपनीत सिंह ने बताया कि इस मेले में जिला व उप–खजाना कार्यालयों के कर्मचारियों के साथ–साथ एसबीआई बैंक ऑफ इंडिया, पीएनबी, केनरा बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूको बैंक, सेंट्रल बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के स्टाफ ने सहयोग दिया। उन्होंने सभी पेंशनरों से आग्रह किया कि जो लोग अभी तक ई–केवाईसी और जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं करवा पाए हैं, वे इसे जिला खजाना कार्यालय लुधियाना या खन्ना, समराला, पायल, जगराओं और रायकोट स्थित उप–खजाना कार्यालयों में किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पूरा करा सकते हैं।

# नशा मुक्त पंजाब अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर बांटे गए पर्चे




नशा जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूक करते हुए। - समर न्यूज़

समर न्यूज़ | लुधियाना

जिले में 'नशा मुक्त पंजाब' अभियान का शुभारंभ जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण लुधियाना के नेतृत्व में किया गया। अभियान के तहत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सिविल अस्पताल, बाजारों और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्चे वितरित कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। सीजेएम कम सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, लुधियाना सुमित सभरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सदस्य सचिव, पंजाब राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, एसएस नगर तथा माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश–कम–चेयरपर्सन, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशों पर यह अभियान शुरू किया गया है, जो 6 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा। अभियान के दौरान पैरा लीगल वालंटियर्स और पैनल वकीलों ने भी भाग लिया। लोगों को टोल–फ्री हेल्पलाइन 15100 के बारे में भी जागरूक किया गया, ताकि वे किसी भी नशा–संबंधी समस्या में जानकारी या कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें।

# ई-रिक्शा चालक पर फायरिंग

## सवारी महिला और बच्चा बाल-बाल बचे, स्विफ्ट कार में सवार तीन बदमाश फरार

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़



लुधियाना के थाना लाडोवाल क्षेत्र में हंबड़ा रोड पर उस समय सनसनी फैल गई, जब एक बिना नंबर की स्विफ्ट कार में सवार युवकों ने ई-रिक्शा चालक पर सीधे फायरिंग कर दी। गोली ई-रिक्शा के आगे लगे शीशे पर आकर लगी, जबकि चालक ने झुककर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना के समय ई-रिक्शा में एक महिला और एक बच्चा भी मौजूद था, जो इस हादसे में बाल-बाल बच गए। पीड़ित ई-रिक्शा चालक बिक्रमजीत सिंह ने बताया कि वह अपनी ई-रिक्शा (नंबर PB10JW-5572) पर एक महिला और बच्चे को गांव चाहड़ा की ओर ले जा रहा था। जब वह हंबड़ा रोड पर खैहरा अस्पताल के पास पहुंचा तो पीछे से तेज रफ्तार में आई सफेद स्विफ्ट कार उसकी ओर बढ़ी। कार पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगी थी।

**कार में थे तीन अज्ञात युवक** : बिक्रमजीत के अनुसार, कार में तीन युवक सवार थे। उनमें से एक ने कार का शीशा नीचे कर सीधे उसकी ओर गोली चलाई। गोली रिक्शा के फ्रंट शीशे पर लगी। अचानक फायरिंग देखकर वह तुरंत नीचे झुक गया, जिससे उसकी जान बच गई। घटना के बाद आरोपी युवक भागते हुए ई-रिक्शा चालक को हाथ के इशारे से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

**पुलिस जुटी जांच में** : बिक्रमजीत ने बताया कि फिलहाल इस घटना का कोई सीसीटीवी सामने नहीं आया है। सूचना मिलते ही थाना लाडोवाल की पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार हमलावरों की तलाश की जा रही है और आसपास लगे कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्वागत | विभिन्न प्रकार के स्वागत-स्टॉल लगाए और भक्ति का अनुपम वातावरण निर्मित

# श्री राम कथा के अंतर्गत भव्य राजतिलक शोभायात्रा निकाली गयी

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़



श्री दंडी स्वामी महाराज जी के शुभ आशीर्वाद से सिद्धपीठ श्री दंडी स्वामी ट्रस्ट, सेवा परिकर और श्री राधा गोविंद संकीर्तन मंडल (सेवक सिद्धपीठ) द्वारा आयोजित 75वां श्री हरिनाम संकीर्तन एवं गौलोकवासी पंडित जगदीश चंद्र कोमल जी महाराज के 25वें वरदान दिवस के पावन उपलक्ष्य में जारी 38 दिवसीय महासंकीर्तन के 29वें दिन आज का आयोजन दिव्यता और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा।

आज के मुख्य आकर्षण के रूप में श्री राम कथा (उत्तरकांड) के दौरान प्रभु श्री राम जी के राजतिलक उत्सव पर एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसकी अध्यक्षता पंडित राज कुमार शर्मा जी ने की। शोभायात्रा में सजे-धजे विहंगम श्री राम दरबार के रथ ने सभी का मन मोह लिया, जिसे मनमोहक रंग-बिरंगे फूलों से विशेष रूप से सजाया गया था।शोभायात्रा के मार्ग को और अधिक पावन एवं आकर्षक बनाने हेतु भक्तों द्वारा जगह-जगह सुंदर रंगोलियां बनाई गईं।

विशेष रूप से श्री गौर दास जी महाराज और पं. श्री राज कुमार शर्मा जी ने यात्रा के दौरान भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया।यात्रा श्री दंडी स्वामी मंदिर से आरंभ होकर दीप नगर, झंडू चौक, शिव मंदिर चौक, बृंदावन रोड, सत्संग रोड, पुलिस कमिश्नर हाउस रोड होते हुए पुनः मंदिर में संपन्न हुई। मार्ग में इलाका निवासियों ने भावपूर्ण स्वागत करते हुए फूल वर्षा की।

विभिन्न प्रकार के स्वागत-स्टॉल लगाए और भक्ति का अनुपम वातावरण निर्मित किया। महिलाओं द्वारा पीले वस्त्र धारण कर और भक्तों द्वारा सिर पर पगड़ी बांधकर यात्रा की शोभा में और वृद्धि की गई।श्री सिद्ध परिकर द्वारा यात्रा दौरान निरंतर हरिनाम संकीर्तन—"हरे कृष्ण हरे राम"—से वातावरण को पूर्णतः भक्तिरस में रंग दिया। हर कदम पर भक्ति, प्रेम और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।शोभायात्रा में आशीर्वाद लेने एवं सहभागिता देने के लिए कई विशिष्ट लोग पहुंचे, जिनमें शामिल रहे—आप विधायक हल्का नॉर्थ चौधरी मदन लाल बग्गा,भाजपा नेता प्रवीण बांसल,समाज सेवक केवल बुद्धिराजा, आप नेता बॉबी शर्मा, अनिल शर्मा, लक्की सूद, सतीश नाग्गर, सुभाष बत्ता,अमन बत्रा आदि।

इस अवसर पर पं. राज कुमार शर्मा जी ने कहा, "हम सब भक्तजन अत्यंत सौभाग्यशाली हैं कि प्रभु श्री राम जी के राजतिलक उत्सव जैसा दिव्य अवसर हमें प्राप्त हुआ। इतनी भव्य शोभायात्रा निकालना प्रभु की असीम कृपा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। जब-जब प्रभु का नाम गूंजता है, तब-तब वातावरण स्वयं पवित्रता से भर उठता है। आज पूरी शोभायात्रा के दौरान जिस प्रकार बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई 'हरे कृष्ण, हरे राम' के नाम में डूबा रहा, उससे यह स्पष्ट हुआ कि प्रभु की कृपा जब बरसती है, तो समाज में एक अद्भुत एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलता है।

उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य सिर्फ धार्मिक उत्सव मनाना नहीं, बल्कि समाज को सेवा, एकता, संस्कार और आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर करने का संदेश देना भी है। प्रभु श्री राम का जीवन त्याग, मर्यादा, धर्म और कर्तव्य का अद्वितीय उदाहरण है, और हम सभी का सौभाग्य है कि हम उनके राजतिलक की इस दिव्य स्मृति को संकीर्तन और भक्ति के माध्यम से पुनर्जीवित कर पा रहे हैं। उन्होंने सभी भक्तों, परिकर सदस्यों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस भव्य शोभायात्रा को सफल बनाने में हर व्यक्ति का योगदान अमूल्य है।""बताया गया कि श्री राम कथा 13 दिसंबर तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 93